गैरसैंण, सोमवार
16 सितम्बर 2024
वर्षः 16
अंकः 130 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

48 घंटे बाद बारिश का दौर थमने से राहत

ऋषिकेश। ऋषिनगरी में पिछले 48 घंटों से जारी बारिश का सिलसिला रविवार सुबह थम गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। दोपहर बाद चटक धूप भी खिली, जिससे एक बार फिर लोगों को हल्की गर्मी महसूस हुई, लेकिन दिन ढलने के साथ ही फिर से लोगों को मौसम में ठंडक महसूस हुई। बारिश का दौर रुकने से बाजार में भी खासी चहल–पहल रही। दो दिन से सुनसान पर्यटक स्थल भी गुलजार नजर आए। रविवार को धूप खिलने के साथ ही तापमान भी पांच डिग्री बढ़ गया है। अभीतक 25 डिग्री सेल्सियस तक रिकॉर्ड किया जा रहा पारा 30 डिग्री तक पहुंचा। हल्की गर्मी में उसम ने भी लोगों को थोड़ा परेशान किया, लेकिन दिन ढलने के बाद फिर से लोगों को ठंडक का अहसास हुआ। त्रिवेणीघाट, तिलक रोड, देहरादून रोड, मुखर्जी मार्ग, हरिद्वार रोड के बाजार में सुबह से लेकर शाम तक चहल–पहल रही, तो रामझूला, जानकी सेतु व आसपास के पर्यटक स्थलों पर भीड़भाड़ नजर आई।

गंगा में डूबे दो किशोर

ऋषिकेश। घर से सुबह खेलने के लिए निकले दो किशोर रविवार को गंगा में नहाते वक्त डूब गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। तलाशी अभियान में महज दो घंटे में एडीआरएफ ने एक किशोर का शव बरामद कर लिया है, जबकि दूसरे का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। अंधेरा होने की वजह से एसडीआरएफ को तलाशी अभियान रोकना पड़ा है। सोमवार को फिर से किशोर की तलाश को गंगा में अभियान चलाया जाएगा। लक्ष्मणझूला पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह करीब आठ बजे पंद्रह वर्षीय इशान और दीपेश रावत निवासी बीसबीघा ऋषिकेश घर से खेलने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद इशान और दीपेश कुनाऊगांव के पास गंगा की मुख्य जलधारा में गर्मी से राहत पाने को नहाने के लिए उतर गए। इसी बीच गंगा के तेज उफान की चपेट में आने से दोनों डूब गए। स्थानीय ग्रामीणों ने यह देखा तो उन्होंने फौरन पुलिस को इस बाबत सूचित किया। तत्काल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। करीब नौ बजे से लेकर 11 बजे के बीच इशान का शव गंगा से बरामद कर लिया गया है, लेकिन दीपेश का पता नहीं लग पाया। एसडीआरएफ निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया कि इशान के शव को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। दीपेश की तलाश के लिए गोताखोरों की टीम भी मौके पर पहुंची। सुबह से लेकर शाम तक अभियान में उसका सुराग नहीं लगा। थानाध्यक्ष रवि सैनी ने बताया कि दोनों ही किशोर 10वीं के छात्र हैं। बताया कि इशान के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

सीएम धामी के जन्मदिन पर 61 युवाओं ने किया रक्तदान

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस के मौके पर रविवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत के नेतृत्व मे 61 युवाओं ने रक्तदान किया।

बैलपड़ाव बन्दरजुडा गुरुद्वारा साहिब में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने रक्तदान कर सीएम धामी को जन्म दिन की शुभकामनाएं दीं। भाजपा प्रदेश ने कहा सीएम धामी हमेशा जन कल्याण और युवाओं के कल्याण के लिए जुटे रहते हैं। इसलिए युवाओं ने कालाढूंगी विधानसभा में रक्तदान किया। इस मौके पर जोगा मेहरा, विक्रम जतवाल, गीता कुंवर, तान्या आर्य, हरप्रीत सिंह, करण सिंह आदि मौजूद रहे।

फेरुपुर के एक घर में घुसा सांभर का बच्चा

हरिद्वार। कुत्तों के हमले से बचने के लिए सांभर का बच्चा पंकज सैनी के घर में घुस गया। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सांभर के बच्चे को घर से बाहर निकालकर जंगल की ओर खदेड़ा गया। किसान पंकज सैनी, अमित सैनी, पुरषोत्तम सैनी, सुभम सैनी, राजपाल, धीरज, बबलू, कुलदीप, सोहन, अर्जुन, दीपक, रामकुमार, राजेश, राम कुमार, सुनील कुमार आदि ने बताया जंगली जानवर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उपवन क्षेत्र अधिकारी अरविंद सैनी ने बताया कि सांभर का बच्चा खेतों से गांव की ओर आ गया था। जिसे वापस जंगल की ओर भगाया गया है।

कोलकाता कांड के पीछे गहरी साजिश

सुबूतों को किया नष्ट! केस डायरी को लेकर सीबीआई के बड़े खुलासे

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म व हत्या की वारदात के पीछे सीबीआई को गहरी साजिश देख रही है।

केंद्रीय एजेंसी ने रविवार को घटना में गिरफ्तार अस्पताल के पूर्व प्रसिपल डा. संदीप घोष व टाला थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल को सियालदह कोर्ट में पेश किया, जहां न्यायाधीश ने दोनों को 17 सितंबर तक के लिए केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि थानेदार अभी तक मुख्य घटना में आरोपित नहीं हैं, लेकिन लगता है कि वारदात के पीछे कोई बड़ी साजिश है और थानेदार इसमें शामिल हैं। एजेंसी ने थानेदार द्वारा सुबूतों को नष्ट किए जाने की भी आशंका जताई।

पुलिस और सीबीआई के बीच कोई टकराव नहीं

सीबीआई ने कहा कि पुलिस और उसके बीच कोई टकराव नहीं है लेकिन उसे लगता है कि थानेदार से पूछताछ में घटना के बारे में कुछ अहम जानकारी सामने आ सकती है। थानेदार के वकील ने अपने मुवक्किल की गिरफ्तारी पर सवाल उठाया। जब संदीप घोष व थानेदार को कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया जा रहा था तब उनके खिलाफ लोगों ने चोर–चोर के नारे लगाए व जूते फेंके। इस दिन सियालदह बार काउंसिल ने निर्णय लिया कि इस मामले में आरोपितों की तरफ सियालदह कोर्ट का कोई भी वकील पैरवी नहीं करेगा।

मां ने दोबारा पोस्टमार्टम के लिए किया था अनुरोध

सीबीआई ने कोर्ट में दावा किया कि पीड़िता की मां ने थानेदार से अपनी बेटी के शव का दोबारा पोस्टमार्टम करने का अनुरोध किया था लेकिन थानेदार ने शव को जलाने में जल्दबाजी की। मामले में नियमों का पालन नहीं किया गया। थानेदार ने जानबूझकर मामले में अनदेखी की है।

केस डायरी में त्रुटियां

सीबीआई ने केस डायरी में त्रुटियां होने की बात कही है और इसके बारे में सुप्रीम कोर्ट को सूचित करेगी। उसका कहना है कि अगर केस डायरी को नए सिरे से लिखा जाता तो बेहतर होता। इतनी गंभीर जांच में ऐसी खामियां देखकर वह सशंकित है।

सीएम धामी ने किया संस्कृत भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीया गोष्ठी का शुभारंभ

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को व्यास मंदिर, भूपतवाला, हरिपुर कलां, देहरादून में संस्कृत भारती द्वारा आयोजित ह्यअखिल भारतीया गोष्ठीह्न के शुभारंभ सत्र में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने श्री वेद व्यास मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुख शांति की कामना की।

मुख्यमंत्री ने संगोष्ठी में देशभर से आए लोगों का देवभूमि उत्तराखंड में स्वागत करते हुए कहा कि संस्कृत भारती का हर सदस्य संस्कृत भाषा के प्रचार–प्रसार में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह राज्य का गौरव है कि देववाणी संस्कृत देवभूमि उत्तराखण्ड की द्वितीय राजभाषा है। संस्कृत भाषा अभिव्यक्ति का साधन एवं मनुष्य के संपूर्ण विकास की कुंजी भी है। संस्कृत भाषा से ही मानव सभ्यताएं विकसित हुई हैं। ऋग्वेद को भी संस्कृत में लिखा गया था। आज यह भाषा साहित्य के अन्य क्षेत्रों में भी वृहद स्तर पर अभिव्यक्ति का साधन बन गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं उसे अधिक से अधिक बढ़ावा देने के लिए कई पहल कर रही है। संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा गैरसैंण में आयोजित हुए विधानसभा सत्र के दौरान संस्कृत संभाषण शिविर चलाकर सभी मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों को संस्कृत बोलने के लिए प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रदेश में कक्षा 1 से 5 तक संस्कृत पाठशालाएं प्रारंभ की जा रही है। सभी बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट पर स्थित बोर्ड को हिंदी के साथ संस्कृत में लिखा जाए, इस प्रकार के प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति के इतिहास और वैदिक काल के समस्त वेद, पुराणों और शास्त्रों की रचना संस्कृत में की गई है। संस्कृत भाषा अनादि और अनंत है। उन्होंने कहा साहित्य से लेकर विज्ञान तक, धर्म से लेकर आध्यात्म तक और खगोलशास्त्र से लेकर शल्य चिकित्सा तक, हर क्षेत्र से जुड़े ग्रंथ संस्कृत में लिखे गए हैं। हजारों साल पहले भारतीयों ने उत्कृष्ट ज्ञान के चलते पंचांग, ग्रहों और नक्षत्रों की जानकारी जुटा ली थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य भाषाओं की तुलना में संस्कृत के स्वर और व्यंजनों की संख्या अधिक है। संस्कृत ही एकमात्र ऐसी भाषा है जिसके शब्दों के आगे – पीछे हो जाने से वाक्य के भाव में कोई अंतर नहीं आता। उन्होंने कहा संस्कृत भाषा का शब्द भण्डार भी बहुत वृहद है। उन्होंने कहा विष्णु सहस्त्रनाम में भगवान विष्णु के 1000 नाम लिखे गए हैं, ऐसे ही ललिता सहस्त्रनाम और शिव सहस्त्रनाम भी है।

डबल इंजन सरकार करेगी जम्मू कश्मीर का कायाकल्पः महाराज

● पिता–पुत्र की जोड़ी ने किया पच्चीस हजार करोड़ का घोटाला

देहरादून। जम्मू कश्मीर का कायाकल्प डबल इंजन की सरकार ही कर सकती है। डबल इंजन की सरकार के कारण जैसे उत्तराखंड का चहुंमुखी विकास हो रहा है और हमारा पर्यटन लगातार बढ़ रहा है। हमारे यहां पर्यटकों के साथ–साथ चारधाम यात्रा पर लाखों श्रद्धालु आ रहे हैं। जम्मू–कश्मीर भी एक पर्यटन प्रदेश है। यहां भी बड़ी संख्या में पर्यटक आयें और राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत हो। इसलिए विधानसभा चुनाव में भाजपा को जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। उक्त बात प्रदेश पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में गुलाबगढ़ पाडर–नागसेनी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सुनील शर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर से धारा 370 और 35–। हटने के बाद

यह प्रदेश देश के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। अलगाववादियों का जनाधार समाप्त हुआ और पत्थरबाजों पर भी शत प्रतिशत अंकुश लगा है। उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाने पर दूसरे देशों को ज्यादा सोचने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह हमारा आंतरिक मामला था हमें उसकी जरूरत नहीं थी इसलिए हमने उसे हटा दिया।

महाराज ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी के प्रयासों से घाटी में शांति और सुरक्षा का नया वातावरण बना है। जम्मू कश्मीर एक नई उंचाइयों पर पहुंच रहा है। पीडीपी, नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस ने अपने फायदे के लिए जम्मू कश्मीर को देश की मुख्य धारा से अलग रखने के साथ साथ स्वार्थ की राजनीति के चलते हमेशा इस राज्य में आतंकवाद और अलगाव को सुलगाये रखा। लेकिन आर्टिकल 370 और 35–। हटने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से घाटी में शांति और सुरक्षा का नया वातावरण बना है। जम्मू कश्मीर नई उंचाइयों पर पहुंच रहा है। अलगाववादियों का जनाधार खत्म होता जा रहा है। मोदी सरकार के कार्यकाल में जितनी उन्नति और प्रगति जम्मू कश्मीर की हुई है, उतनी पिछली किसी भी सरकार के समय में नहीं हुई।

महाराज ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की मदद से शांति और विकास का एक नया अध्याय लिखा। जम्मू कश्मीर के 72.41 लाख लोगों को गरीब कल्याण योजना के तहत निरूशुल्क राशन का वितरण किया जा रहा है। समग्र कृषि विकास कार्यक्रम के तहत आज जम्मू कश्मीर के किसानों के लिए 5000 करोड़ की योजनाएं चलाई जा रही हैं। राज्य में 2,71000 से अधिक परिवारों को पक्के मकानों की सौगात दी है। महिलाओं के विकास और रोजगार हेतु राज्य में दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका योजना के तहत 84400 स्वयं सहायता समूहों को 290 करोड़ की धनराशि उपलब्ध करवाई गई है। इससे प्रदेश की 07 लाख महिलाएं 90,000 स्वयं सहायता समूह के साथ काम कर लखपति दीदी बनने का सपना साकार करने में लगी हैं।

काल बनकर सड़क पर दौड़ा ट्रक, तीन कार समेत आधा दर्जन बाइक व दो आटो रौंदे

लालकुआं। नगर के तहसील गेट पर साप्ताहिक हाट बाजार के सामने अनियंत्रित 16 चक्का ट्रक ने तीन कार समेत आधा दर्जन बाइक व दो आटो को रौंद दिया। जिससे एक कार दुकान के अंदर घुस गई। घटना से अफरा तफरी मच गई।

गनीमत रही कि साप्ताहिक बाजार में भीड़ होने के बावजूद कोई हताहत नहीं हुई। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हल्दूचौड़ की ओर से गिट्टी लेकर तेजी से आ रहा 16 टायरा ट्रक संख्या यूपी 25सीटी – 3575 हाट बाजार के निकट ओवर ब्रिज के पास ढलान में अनियंत्रित हो गया। यहां तहसील गेट के पास साप्ताहिक हाट बाजार में बिंदुखत्ता, सेंचुरी पेपर मिल, हल्दूचौड़ समेत तमाम क्षेत्रों के लोग सब्जी खरीदने आते है। यहां काफी भीड़ रहती है।

सड़क पर लहरा रहे ट्रक को देखकर आसपास व राहगीरों में भगदड़ व चीख पुकार मच गई। जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक ट्रक ने तीन कार, दो आटो, आधा दर्जन बाइकों को रौंद दिया। ट्रक के नीचे कारों और बाइकें फंस गई। जिससे रफ्तार थम गई। इस बीच भगदड़ में कई लोग जख्मी हो गए।

'गाने–नाचने से कोई आंदोलन सफल नहीं होता'

डॉक्टरों के प्रदर्शन पर टीएमसी विधायक का विवादित बयान

दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक तपस चटर्जी ने रविवार को डॉक्टरों के आंदोलन पर विवादित टिप्पणी की, जिससे विवाद खड़ा हो गया है। चटर्जी ने कहा कि सिर्फ तालियां बजाना और संगीत पर नाचना किसी आंदोलन को सफल नहीं बना सकता है। एक सच्चे आंदोलन में अधिक गंभीर गतिविधियां होनी चाहिए। राजारहा–न्यू टाउन के विधायक चटर्जी ने अपने इलाके में एक बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। इस दौरान एक वीडियो में उन्हें यह कहते हुए सुना गया कि संगीत की धुन पर तालियां बजाने और नाचने से आंदोलन सफल नहीं होगा। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला डॉक्टर से कथित दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ चल रहे प्रदर्शनों में नारेबाजी, सड़क पर नाटक और सामूहिक गाने शामिल हैं। यह आंदोलन हाल ही में चर्चाओं में गया है और डॉक्टर पिछले छह दिनों से साल्ट लेक क्षेत्र में स्वास्थ्य भवन के बाहर धरना दे रहे हैं। वहीं, डॉक्टरों ने चटर्जी के बयान की निंदा की है। जूनियर डॉक्टर फोरम के अधिकारी अनिकेत मेहता ने पीटीआई से कहा, हम पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन कर रहे हैं और आम लोगों का समर्थन हासिल कर रहे हैं। हमारा आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती। हमारे आंदोलन को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। वहीं, केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने जूनियर डॉक्टरों की पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात पर कहा, "हमारी मुख्यमंत्री नहीं चाहती हैं कि डॉक्टरों के साथ जो समस्या है उसका समाधान हो... जूनियर डॉक्टरों ने अपनी 5 मांगें रखी हैं उस पर उन्हें(ममता बनर्जी) कार्रवाई करनी होगी।

जल्द लागू होगा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का नियम

नई दिल्ली। भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल के अंदर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' लागू करेगी, उन्होंने विश्वास जताया कि उन्हें पार्टी लाइनों से समर्थन मिलेगा। सूत्रों की तरफ से ये जानकारी सामने आई है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर सूत्रों ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के अंदर सामंजस्य शेष कार्यकाल तक जारी रहेगा। एक सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'निश्चित रूप से, इसे इसी कार्यकाल में लागू किया जाएगा। यह एक वास्तविकता होगी।'

'देश को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए आगे आना होगा'

पिछले महीने अपने स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में, प्रधान मंत्री ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की जोरदार वकालत की और तर्क दिया कि बार–बार होने वाले चुनाव देश की प्रगति में बाधाएं पैदा कर रहे हैं। मोदी ने लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में कहा था, 'देश को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए आगे आना होगा।" प्रधानमंत्री ने राजनीतिक दलों से लाल किले से और राष्ट्रीय तिरंगे को साक्षी मानकर देश की प्रगति सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने पार्टियों से यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा कि राष्ट्रीय संसाधनों का उपयोग आम आदमी के लिए किया जाए और कहा, 'हमें 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के सपने को साकार करने के लिए आगे आना होगा।'

बारिश से बुआई प्रभावित, किसान परेशान

रुड़की। पिछले कई दिनों से रुक–रुक कर लगातार हो रही बारिश के कारण खेतों मे हुए जलभराव से कई फसलों की बुवाई प्रभावित होने के आसार बन गए हैं। इसके अलावा अधिक बारिश होने से सब्जी वाली फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। लगातार पिछले कई दिनों से रुक–रुक कर हो रही बारिश के बाद तापमान में भी काफी गिरावट आ गई है। अधिक बारिश से खेतों में नमी की मात्रा भी अधिक हो गई है। जिस कारण कई फसलों की बुवाई प्रभावित होने के आसार बन गए हैं। किसान रामपाल सिंह, किशनपाल, जितेन्द्र आदि ने बताया कि इस माह सरसों, बरसीम, चना,गन्ना आदि फसलों की अगेती बुवाई की जाती है। लेकिन कई दिन से लगातार हो रही बारिश के कारण खेतों में अधिक नमी बन गई है। खेत में फसल की बुवाई करने के लिए एक पर्याप्त नमी की आवश्यकता पड़ती है।

भारी बारिश के बाद गौला पुल की सड़क गायब, पानी में बह गया करोड़ों का काम

हल्द्वानी । चोरगलिया रोड रेलवे क्रासिंग के पास बने गौला पुल की सड़क (एप्रोच मार्ग) शनिवार सुबह सात बजे गायब हो गई। 15 फीट लंबी और करीब 20 फीट चौड़ हिस्सा सिरे से ही पानी में समा गया। 19 अक्टूबर 2021 को आई आपदा के दौरान भी पुल का यही हाल हुआ था। इसके बाद करोड़ों रुपये खर्च कर ऊपर से लेकर नीचे नदी के तल तक मरम्मत की गई थी। पत्थरों की सुरक्षा दीवार का पूरा जाल बिछाया गया था, मगर शुक्रवार को सुरक्षा दीवार का बड़ा हिस्सा भी गायब नजर आया।

नदी के नजदीक स्थित दो घर भी बह गए

वहीं, सूचना मिलते ही प्रशासन से लेकर पुलिस के अधिकारी आनन–फानन में मौके पर नजर आए। शुक्रवार को भारी बरसात की वजह से हल्द्वानी में हर तरफ जलभराव के हालात पैदा हो गए थे। काठगोदाम में गौला नदी के नजदीक स्थित दो घर भी बह गए थे, जबकि एक को आंशिक नुकसान हुआ था। इस बीच चोरगलिया रोड रेलवे क्रासिंग के पास बने पुल को लेकर खतरे की आशंका भी पैदा हो गई थी, जिसके बाद निरीक्षण को पहुंचे अधिकारियों ने शाम पांच बजे पुल को वाहनों के लिए बंद कर दिया था, लेकिन शनिवार सुबह इस पुल की सड़क गायब हो गई। वहीं, अक्टूबर 2021 में करीब 30 मीटर हिस्सा बहा था, जिसके बाद करीब नौ करोड़ रुपये खर्च कर सुरक्षात्मक कार्य किए गए थे, मगर इस बार पानी के बहाव की वजह से उन पत्थरों की दीवार (वायरक्रेट) का काफी हिस्सा भी नदी में समा गया। हाल ये था कि अधिकारियों के सामने भी बार–बार मिट्टी भर–भराकर नीचे गिर रही थी। मौके पर मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) मरम्मत कराएगा। दूसरी तरफ पुलिस दिन भर तमाशीबीनों को खदेड़ने जुटी थी। दोनों तरफ जवान तैनात किए गए हैं, ताकि कोई क्षतिग्रस्त पुल की तरफ न आ सके।

अरविंद केजरीवाल इस्तीफा देंगे, लेकिन मुख्यमंत्री आवास नहीं छोड़ेंगे केजरीवाल

दिल्ली। भाजपा लगातार इस बात की मांग कर रही थी कि अरविंद केजरीवाल के जेल में रहने के कारण दिल्ली की जनता के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं और इसलिए दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए। लेकिन अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की घोषणा के बाद अचानक ही परिस्थितियां बदल गई हैं। शराब घोटाले में फंसे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा दे देंगे, लेकिन इसके बाद भी वे कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर अपने पद पर बने रह सकते हैं। इस्तीफा देने के बाद भी वे दिल्ली विधानसभा चुनाव तक मुख्यमंत्री आवास भी नहीं छोड़ेंगे। आम आदमी पार्टी अभी इस बात पर मंथन कर रही है कि यदि मुख्यमंत्री अपने पद से इस्तीफा देते हैं तो इसके बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना के पास क्या संवैधानिक विकल्प होंगे जिसका वे उपयोग कर सकते हैं। केजरीवाल कह चुके हैं कि वे अपने पद से इस्तीफा देकर सीधे नवंबर में चुनाव में जाने की मांग करेंगे। भाजपा लगातार इस बात की मांग कर रही थी कि अरविंद केजरीवाल के जेल में रहने के कारण दिल्ली की जनता के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं और इसलिए दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए। लेकिन अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की घोषणा के बाद अचानक ही परिस्थितियां बदल गई हैं। अब पूरा मामला अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे और उसके बाद चुनाव होने के आसपास सिमट गया है। लेकिन इसमें सबसे बड़ा पेंच यह है कि अगला चुनाव किसके नेतृत्व में होगा? यदि उपराज्यपाल अरविंद केजरीवाल को कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहने के लिए कहते हैं तो अगला चुनाव भी उन्हीं के नेतृत्व में होगा। लेकिन यदि उपराज्यपाल दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश कर देते हैं तो दिल्ली का अगला विधानसभा चुनाव केंद्र के नेतृत्व में हो सकता है। आम आदमी पार्टी सूत्रों के अनुसार पार्टी इस बात पर लगातार मंथन कर एक निष्कर्ष पर पहुंचने की कोशिश कर रही है। एक नेता के अनुसार, मुख्यमंत्री के इस्तीफे के बाद उसे कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहने के लिए कहे जाने की परंपरा अब तक चली आ रही है। लेकिन यदि उपराज्यपाल परंपरा से हटते हुए राष्ट्रपति को दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की बात कहते हैं तो इससे नई परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। ऐसा होने पर परंपरा तोड़ने के नाम पर एक बार फिर यह मामला सर्वोच्च न्यायालय की चौखट पर भी पहुंच सकता है। इन सभी बिंदुओं पर आप कानून विशेषज्ञों की राय ले रही है। आप सूत्रों के अनुसार, विधि विशेषज्ञों से राय–मशविरा करने के बाद इस पर अंतिम निर्णय लिया जायेगा।

मुख्यमंत्री आवास नहीं छोड़ेंगे

लेकिन केजरीवाल के इस्तीफा की घोषणा के साथ ही यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या वे मुख्यमंत्री आवास भी छोड़ेंगे? यह सवाल इसलिए बहुत महत्त्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि कथित तौर पर मुख्यमंत्री आवास में नियमों की हेराफेरी कर बड़ा अवैध निर्माण कराया गया है। मीडिया में इस बात की भी खबरें आई थी कि अरविंद केजरीवाल के आवास में पर्दे, टॉयलेट, टाइल और गद्दों की खरीद में भारी भरकम राशि खर्च की गई है। यदि उनके इस्तीफा देने के बाद मुख्यमंत्री आवास सीधे उपराज्यपाल के प्रशासनिक नियंत्रण में आ जाता है तो मुख्यमंत्री आवास में मीडिया का प्रवेश हो सकता है। इसके बाद अरविंद केजरीवाल के लिए चुनाव के पहले ही एक नई मुसीबत सामने आ सकती है। आम आदमी पार्टी सूत्रों के अनुसार, यही कारण है कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली विधानसभा चुनाव तक अपना आवास नहीं छोड़ेंगे।

भाजपा ने ललकारा

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि यदि अरविंद केजरीवाल में थोड़ी भी नैतिकता बची है तो उन्हें मुख्यमंत्री आवास में पत्रकारों को बुलाकर वे निर्माण दिखाने चाहिए जो उन्होंने अपने सुख–चैन के लिए बनवाए हैं। इससे साफ हो जाएगा कि वे भ्रष्टाचारी हैं या नहीं। यदि वे अपने कामों पर जनता के फैसले की मुहर चाहते हैं तो उन्हें जनता को बुलाकर भी अपना आवास दिखाना चाहिए। भाजपा नेता का यह हमला इस बात का इशारा कर रहा है कि यदि मुख्यमंत्री ने अपना आवास छोड़ा तो उनके लिए एक नया पिटारा खुल सकता है।

सम्पादकीय

राजनैतिक दलों में परस्पर सम्मान क्यों नहीं?

पिछले दिन विनेश फोगट और पूनिया के कांग्रेस में शमिल होने पर भाजपा के प्रवक्ता कह रहे हैं कि पिछले साल पहलवानों का आन्दोलन बृजभूषण के खिलाफ कांग्रेस द्वारा प्रायोजित था । पहले भी खिलाडियों ने राजनैतिक दलों की सदस्यता ली है । गौतम गंभीर को सन् 2019 में दिल्ली से लोकसभा के लिए चुनाव लड़वाया गया था । राजवर्धन तो मंत्री भी रहे हैं । अनेक विभिन्न खेलों के खिलाड़ी किसी खास राजनैतिक दल के पक्ष में वक्तव्य दे चुके हैं । ज्यादातर खिलाड़ी सत्ता पक्ष के साथ रहते हैं । इससे उन्हें सुविधा मिलती है । यूं मोदी जी के कार्यकाल में खिलाडियों को काफी प्रोत्साहन मिला है । अब जीतने वाले खिलाडियों को करोड़ों में ईनाम मिलता है । विनेश फोगट के मन की टीस को कौन समझ सकता है । आज भाजपा, कांग्रेस तथा लेफ्ट पश्चिमबंगाल में हुये टेप काण्ड के बाद ममता बनर्जी का इस्तीफा मांग रहे हैं । क्या रेप घटना मात्र पश्चिम बंगाल में होती है? रोज तो किसी न किसी प्रदेश में ऐसी घटनाओं की खबर आती रहती है । भाजपा के एक मंत्री जो अपने को संत भी कहते थे, ऐसे आरोप सिद्ध होने के बाद त्यागपत्र दे गये । कुश्ती संघ के तत्कालीन अध्यक्ष के खिलाफ इन महिला पहलवानों ने घृणित आरोप लगाये हैं । तब इन प्रदर्शनकारियों के साथ कोई नहीं आया । पुलिस ने भी इनके साथ अन्याय किया । तो क्या इसका आक्रोश इन महिला खिलाडियों को नहीं होना चाहिए ? बृजभूषण का असर कम से कम पांच–छः लोकसभा सीटों पर है तो ये अब भी भाजपा के सदस्य हैं । असल में भारत में किसी भी राजनैतिक दल में आंतरिक स्वराज्य नहीं है । शायद सी.पी.एम. या सी.पी.आई. में हो । बी.एस.पी. में मायावती सर्वेसर्वा हैं । कांग्रेस में सोनिया गांधी सर्वेसर्वा हैं । खडगे तो नाममात्र के अध्यक्ष हैं । किसी मीटिंग में बीच की कुर्सी पर राहुल गांधी बैठते हैं । सपा में अखिलेश यादव सर्वेसर्वा हैं । लाल प्रसाद प्रसाद अपनी पार्टी के सर्वेसर्वा हैं । जे.डी.यू. में नितीश कुमार शिवसेना की एक गुट के सर्वेसर्वा शिंदे हैं । दूसरे गुट के उद्धव ठाकरे । सभी लोग परिवारवाद की आलोचना करते हैं परन्तु तृणमूल कांग्रेस में ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक की चलती है । उद्धव ठाकरे का बेटा मंत्री रहा है । अभी हरियाणा में वहां कम से कम आठ–दस उम्मीदवार वहां के प्रभावशाली नेताओं के पुत्र, पुत्री, माता या अन्य रिश्तेदार हैं । अब तो पार्टी में दरी बिछाने वाले कहने लगे हैं कि भाजपा में भी अब पैराशूट प्रत्याशी उतारे जाते हैं यानि दूसरी पार्टी से आये प्रत्याशी । भाजपा में अंतिम निर्णय मोदी जी का ही है । गांधी जी के भाषणों की एक किताब नवजीवन प्रेस ने छापी है । उसमें एक जगह गांधी जी पूछते हैं कि कांग्रेस का अध्यक्ष तो खादी पहनता है और तीसरे दर्जे में सफर करता है परन्तु कुछ प्रांतों के प्रधानमंत्री (तब मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री कहते थे) विलायती कपड़े पहनते हैं और फर्स्ट–क्लास में सफर करते हैं यानि गांधी जी की नजर में पार्टी का अध्यक्ष मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री से बड़ा होता है । कल ऐसा किसी भी राजनैतिक दल में हैं आज भाजपा को भी मिलाकर । उन दिनों हिन्दू महासभा ने मुस्लिम लीग के साथ मिल कर सिंध, बंगाल आदि में सरकार बनाई थी । आज भारत में किसी भी राजनैतिक दल में नेतृत्व की दूसरी कतार नहीं है । भाजपा के लिए पश्चिम बंगाल और दिल्ली सिरदर्द है । दिल्ली में केजरीवाल के खिलाफ किरण बेदी को उतारा था, यह सोचकर कि वे भी अन्ना के आन्दोलन से निकली हैं । परन्तु मुख्यमंत्री तो क्या वे अपनी सीट भी नहीं जीत पाईं । असल में देश का भला तभी होगा जब राजनैतिक दल स्वयं की न सोचकर देश की सोचेंगे ।

हरियाणा: राजनीतिक हाशिये पर बंसीलाल, देवीलाल और भजनलाल के परिवार

भाजपा द्वारा समर्थन वापसी के चलते बंसीलाल सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पायी। साल 2004 में बंसीलाल और उनके बेटे सुरेंद्र सिंह ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में 2005 में कांग्रेस के सत्ता में आने पर सुरेंद्र सिंह मंत्री भी बनाये गये। एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी किरण चौधरी ने परिवार की राजनीतिक विरासत संभाली, जो उससे पहले दिल्ली में कांग्रेस की बड़ी नेता थीं।

आर के सिंह

राजनीति भी अजब खेल है। दशकों तक हरियाणा में राजनीति के केंद्र रहे तीन लाल– बंसीलाल, देवीलाल और भजनलाल– के परिवार इस विधानसभा चुनाव में हाशिये पर हैं। तीनों लालों ने अपनी राजनीति की शुरूआत कांग्रेस से ही की थी, लेकिन तीनों ने ही कांग्रेस छोड़ी भी। तथ्य यह भी है कि पिछले दस साल से हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा देवीलाल और बंसीलाल के दल के साथ गठबंधन कर राजनीति करती रही, लेकिन पिछले एक दशक में तीनों लाल परिवार उसका कमल थामे नजर आये।

चौधरी बंसीलाल इंदिरा गांधी के समय बड़े नेताओं में शुमार थे

चौधरी बंसीलाल इंदिरा गांधी के समय बड़े नेताओं में गिने जाते थे। इंदिरा के चर्चित बेटे संजय गांधी के भी वे करीबी रहे। वे केंद्र में मंत्री रहने के अलावा तीन बार हरियाणा के मुख्यमंत्री भी रहे।

उन्हें 'आधुनिक हरियाणा का निर्माता' कहा जाता है। तीसरी बार वे हरियाणा विकास पार्टी बना कर भाजपा से गठबंधन में चुनाव जीत कर मुख्यमंत्री बने थे। भाजपा द्वारा समर्थन वापसी के चलते बंसीलाल सरकार अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पायी। साल 2004 में बंसीलाल और उनके बेटे सुरेंद्र सिंह ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में 2005 में कांग्रेस के सत्ता में आने पर सुरेंद्र सिंह मंत्री भी बनाये गये। एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी किरण चौधरी ने परिवार की राजनीतिक विरासत संभाली, जो उससे पहले दिल्ली में कांग्रेस की बड़ी नेता थीं।

देवीलाल सबसे ज्यादा पांच बार मुख्यमंत्री रहे

हरियाणा में गैर–कांग्रेसी राजनीति की धुरी बने देवीलाल सबसे ज्यादा पांच बार मुख्यमंत्री रहे, पर उनका कार्यकाल कभी लंबा नहीं रहा। जनसंघ और भाजपा से उनके अच्छे रिश्ते रहे। 'ताऊ' के संबोधन से लोकप्रिय देवीलाल देश के उप–प्रधानमंत्री भी बने। उनके बेटे ओमप्रकाश चौटाला, जो उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी बने, ने भी भाजपा के साथ गठबंधन सरकार चलायी। उसी कार्यकाल में दोनों में तल्खियां बढ़ीं और रास्ते अलग हो गये। साल 2018 में चौटाला परिवार और उसकी पार्टी इनेलो टूटी, तो बड़े बेटे अजय सिंह चौटाला ने जननायक जनता पार्टी (जजपा) बना ली। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा बहुमत से वंचित रह गयी, तो 10 विधायकों वाली जजपा से गठबंधन हुआ और देवीलाल की चौथी पीढ़ी के दुष्यंत चौटाला उप–मुख्यमंत्री बने।

भजनलाल तीन बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे

भजनलाल तीन बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे। वे केंद्र में मंत्री भी रहे। राजनीतिक जोड़तोड़ के मामले में उन्हें 'पीएचडी' कहा जाता था। केंद्र में नरसिंह राव सरकार को अल्पमत से बहुमत में बदलने में उनकी भूमिका की अक्सर चर्चा होती है। उनके दोनों बेटे– चंद्रमोहन और कुलदीप बिश्नोई– राजनीति में हैं। चंद्रमोहन कांग्रेस में हैं, जबकि अलग पार्टी हरियाणा जनहित कांग्रेस (हजका) बना कर फिर कांग्रेस में लौटने के बाद कुलदीप अब भाजपा में हैं। साल 2005 में भूपेंद्र सिंह हुड्डा



के मुख्यमंत्री बनने से पहले तक हरियाणा की राजनीति इन्हीं तीन लाल परिवारों के इर्द–गिर्द घूमती रही, पर उसके बाद इनका दबदबा कम होता गया। 'चौथे लाल' के रूप में हरियाणा की सत्ता संभालने वाले मनोहर लाल के कार्यकाल ने तो हालात ऐसे बना दिये कि कल तक जो परिवार हरियाणा की राजनीति की दिशा तय करते थे, आज उनके परिजनों का राजनीतिक भाग्य दूसरे दल और नेता तय कर रहे हैं। हुड्डा से लंबी तनातनी के बाद किरण चौधरी को आखिरकार भाजपा की शरण में जाना पड़ा, जिसने उन्हें राज्यसभा सांसद बनाने के बाद अब बेटी श्रुति चौधरी को तोशाम से विधानसभा का टिकट भी दे दिया है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने श्रुति को भिवानी–महेंद्रगढ़ से टिकट नहीं दिया था।

चंद्रमोहन की राजनीति पंचकूला और कालका सीट तक सिमटी

भजनलाल के बड़े बेटे चंद्रमोहन की राजनीति पंचकूला और कालका विधानसभा सीट तक सिमट कर रह गयी है। कुलदीप बिश्नोई का पूरा ध्यान बेटे भव्य को राजनीतिक रूप से स्थापित करने पर है। कभी 'दाता' की हैसियत में रहा भजनलाल परिवार भी अब 'याचक' की मुद्रा में आ गया है। देवीलाल परिवार की कहानी कुछ अलग है। ओमप्रकाश चौटाला अपने छोटे बेटे अभय के साथ मिल कर इनेलो चला रहे हैं, तो बड़े बेटे अजय अपने दोनों बेटों– दुष्यंत और दिग्विजय– के साथ मिल कर जजपा। इन दलों की राजनीतिक हैसियत का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इनेलो को बसपा से गठबंधन करना पड़ा है, तो जजपा को उनके धुर विरोधी चंद्रशेखर रावण की आजाद समाज पार्टी से। इनेलो और जजपा खुद को प्रदेश की राजनीति में प्रासंगिक बनाये रखने की कोशिश कर रही हैं।

देवीलाल परिवार के कुछ सदस्य भाजपा से भी जुड़े। देवीलाल के बेटे रणजीत सिंह चौटाला तो पिछली बार रानिया से निर्दलीय विधायक बन कर पहले मनोहर लाल और फिर नायब सिंह सैनी सरकार में मंत्री भी रहे।

भाजपा ने उन्हें हिसार से लोकसभा चुनाव भी लड़वाया, पर हारने के बाद अब रानिया से विधानसभा टिकट के लायक भी नहीं समझा। सिरसा भाजपा जिलाध्यक्ष रहे आदित्य देवीलाल को भी मंडी डबवाली से टिकट नहीं मिल पाया है। जाहिर है, इस चुनाव में तीनों लाल परिवारों को अपनी राजनीति बचाने के लाले पड़े हैं।

अपने गिरेबान में भी झांकने की जरूरत

के के सिंह

हिंदी दिवस पर हिंदी की दुर्दशा के लिए सरकारों की कमजोर इच्छाशक्ति को लेकर रोना–धोना मचाने की पुरानी 'परंपरा' अब निरर्थक भी हो गयी है। हम जानते हैं कि राज्याश्रय कितना भी क्यों न मिल जाए, वह किसी भाषा को बहुत लंबी यात्रा नहीं करा पाता। इसके उलट कई बार वह दूसरी भाषाओं में उसके प्रति डाह पैदा करता है। राजकाज व रोजी–रोटी से जोड़ने की कोशिशें उसके लिए थोड़ी हितकर जरूर होती हैं, लेकिन उनके सहारे उसे मंजिल तक पहुंचाने का काम उसके समाज को ही करना पड़ता है। उसका भविष्य बहुत कुछ इस पर निर्भर करता है कि उसके समाज में उसके प्रति अपनत्व का भाव कितना गहरा या उथला है। इस दृष्टि से आज सबसे जरूरी सवाल यह है कि क्या आजादी मिलने और हिंदी को राजभाषा बनाये जाने के बाद के हिंदी समाज ने हिंदी को उसकी मंजिल तक पहुंचाने के लिए अपना जरूरी कर्तव्य निभाया है। इसका जवाब हां में दिया जा सकता, तो आज हिंदी को लेकर सिर धुनने वाले हालात नहीं होते।

स्मृतिशेष रघुवीर सहाय के शब्दों में कहें, तो वह दुहाजू की बीवी ही न बनी रहती। आखिर क्यों हालात इतने उलट गये हैं कि वरिष्ठ कवि नरेश सक्सेना को कहना पड़ता है कि हिंदी का भला इसी में है कि उसको फौरन राजभाषा पद से हटा दिया जाए। बहुत से लोगों को भी लगता है कि हिंदी का यह पद हाथी के दांतों जैसा है। इस दिखावे की बिना पर ही वह अन्य भारतीय भाषाओं की डाह झेलने के लिए अभिशप्त है। लेकिन आज उसकी विडंबना इतनी ही नहीं है। उसका समाज उसके राजभाषा होने का जश्न मनाते हुए इमोशनल अत्याचार की तर्ज पर उसे 'आगे बढ़कर' राष्ट्रभाषा वगैरह बनाने की बात तो करता है, मगर उसे ज्ञान–विज्ञान व चिंतन–मनन की भाषा बनाने की दिशा में सार्थक कदम नहीं बढ़ाता।

इसका नुकसान इस अर्थ में दोहरा है कि इससे हिंदी का ही नहीं, उसके समाज का उन्नयन भी बाधित होता है। सत्ता प्रतिष्ठान को इससे सुविधा ही होती है, जिसका लाभ उठाकर वह हिंदी को ज्ञान–विज्ञान व चिंतन की भाषा बनाने के प्रयास करने के बजाय उसके समाज को ही अवैज्ञानिकता में जकड़े रखने में लगा रहता है। न उसे वह यह बताता है कि उन्हीं देशों ने सामाजिक–सांस्कृतिक व आर्थिक तरक्की की है, जिन्होंने अपनी भाषा को ज्ञान की भाषा बनाया।

बेहतर हो कि हिंदी समाज यह समझे और इस स्थिति के कारण तलाशे कि क्यों उसकी हिंदी अभी भी महज विज्ञापन, बाजार व मनोरंजन आदि की ही भाषा बनी हुई है और बहुत आगे बढ़ती भी है, तो वोट मांगने की भाषा होकर रह जाती है, अकादमिक विचार–विमर्श व सत्ता–संचालन की भाषा नहीं बन पाती। क्यों वह वक्त पीछे छूट गया है, जब उसको बहती नदी की धारा की तरह सबके लिए उपयोगी और कल्याणकारी मानकर गैरहिंदीभाषी राज्यों ने भी उसको अनेक उन्नायक दिये, जिन्होंने उसके उत्थान के लिए यावत्जीवन अपना सब कुछ न्यौछावर किये रखा?हम जानते हैं कि गुजरातीभाषी महर्षि दयानंद और महात्मा गांधी रहे हों, बांग्लाभाषी राजा राममोहन राय, केशवचंद्र सेन, रवींद्रनाथ टैगोर व नेताजी सुभाषचंद्र बोस या मराठीभाषी नामदेव, गोपालकृष्ण गोखले व रानाडे, उन सबने अपने वक्त में हिंदी के लिए आवाज उठायी। इसी परंपरा में तमिलनाडु के सुब्रह्मण्यम भारती व पंजाब के लाला लाजपत राय या आंध्र प्रदेश के प्रो जी सुंदर रेड्डी भी आते हैं, जिन्होंने अपने वक्त में अपने–अपने क्षेत्रों में हिंदी को बढ़ावा देने के बहुविध जतन किये।

आज यह शृंखला टूट गयी है और हिंदी व दूसरी भारतीय भाषाओं के बीच असंवाद की स्थिति बन गयी है, जिसका लाभ उठाकर अंग्रेजी खुद को महारानी बनाये हुए है। क्या हिंदी समाज इसके लिए सिर्फ राजनीति को जिम्मेदार ठहराकर कर्तव्यमुक्त हो सकता है? नहीं, क्योंकि वह 'हमारी हिंदी, हमारी हिंदी' का शोर तो बहुत मचाता रहा है, पर उसे लेकर अहिंदीभाषियों से 'यह आपकी हिंदी' कभी नहीं कहता। ऐसे में उनकी हार्दिकता लंबी उम्र कैसे पाती? फिर भी हिंदी समाज अहिंदीभाषियों के कथित हिंदी विरोध को लेकर खीझता तो दिखता है, पर यह देखना कतई गवारा नहीं करता कि उसके अपने आंगन में भी हिंदी का हाल खराब होता जा रहा है। उसके प्रति तिरस्कार का भाव तो इतना बढ़ गया है कि लोग अपने बच्चों को हिंदी माध्यम स्कूलों में पढ़ाने में लज्जा और इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ाने में गौरव का अनुभव करते हैं। इसके चलते कई क्षेत्रों में हिंदी माध्यम स्कूल गुजरे जमाने की वस्तु हो गये हैं।

छात्र समुदाय का प्रतिरोध उचित

किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में उच्च शिक्षा संस्थानों में दाखिले के लिए राजनीतिक विचार–विमर्श में भाग ना लेने की शर्त कैसे थोपी जा सकती है? किसी विरोध में भाग ना लेने का वचन दाखिले से पहले ही कैसे लिया जा सकता है?

भारत में अन्य स्थलों की तरह ही शिक्षा संस्थानों में भी असहमति या विरोध जताना जोखिम भरा हो चुका है, यह आम तुजर्बा है। लेकिन पूर्व शर्त के तौर पर दाखिले से पहले इस पर हामी भरवाना एक नई घटना के रूप में सामने आया है। इसे इस रूप में भी कहा जा सकता है कि अभी तक जो चलन व्यवहार में था, उसे अब लिखित एवं औपचारिक रूप दिया जा रहा है। खबर मुंबई स्थित टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टिस) से है। वहां लागू नए हॉनर कोड के तहत छात्रों को दाखिले से पहले यह वचन देना होगा कि वे किसी "राजनीतिक और व्यवस्था विरोधी गतिविधियों तथा देशभक्ति विहीन चर्चाओं" आदि में हिस्सा नहीं लेंगे। वे ऐसे प्रदर्शनों या धरना आदि में भाग नहीं लेंगे, जिनसे संस्थान के "शैक्षिक वातावरण में रुकावट" पड़ती हो। हॉनर कोड पर दस्तखत की रवायत 2017 में शुरू की गई थी, जिसमें अब नई शर्तें जोड़ी गई हैं। टिस एक मानित (डीम्ड) विश्वविद्यालय है। इसकी फंडिंग का एक बड़ा हिस्सा टाटा ग्रुप से आता है।

इस संस्थान ने भारत में जातीय एवं अन्य अस्तमिता आधारित विमर्श को फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। इससे जनमत के एक बड़े हिस्से में यह धारणा बनी कि यह प्रगतिशील विचारों का वाहक संस्थान है। मगर देश में बदले माहौल का असर वहां भी हुआ। हाल के वर्षों ऐसे कई घटनाएं हुई हैं, जिनसे पुरानी धारणा को चोट पहुंची।

बहरहाल, ये सवाल सिर्फ किसी संस्थान विशेष का नहीं है। मुद्दा यह है कि एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी उच्च शिक्षा संस्थान में दाखिले के लिए राजनीतिक विचार–विमर्श में भाग ना लेने की शर्त कैसे थोपी जा सकती है? साथ ही किसी विरोध में भाग ना लेने का वचन दाखिले से पहले ही कैसे लिया जा सकता है? आखिर किसी भी संस्थान में, कभी कोई ऐसा मसला खड़ा हो सकता है, जिसका विरोध करना छात्र जरूरी समझें। विरोध की हर गतिविधि से सामान्य वातावरण में बाधा आती है। इसलिए हॉनर कोड की नई शर्तों के प्रति छात्र समुदाय का प्रतिरोध उचित है। बेहतर होगा कि प्रशासन इन्हें तुरंत वापस ले ले।

परेश रावल की नई फिल्म जो तेरा है वो मेरा है का ऐलान, पहला पोस्टर जारी

परेश रावल को आखिरी बार अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।अब परेश की नई फिल्म का ऐलान हो गया है, जिसका नाम जो तेरा है वो मेरा है है। फिल्म के निर्देशन की कमान राज त्रिवेदी ने संभाली है।फिल्म का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है, जिसमें परेश समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है।

फिल्म जो तेरा है वो मेरा है 20 सितंबर, 2024 को रिलीज होगी।फिल्म



सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर आएगी। इसे जियो सिनेमा प्रीमियम के माध्यम से देखा जा सकता है, जिसकी कीमत 29 रुपये प्रति महीना है।इस फिल्म में अमित सियाल, सोनाली कुलकर्णी, सोनाली सेगल, फैसल मलिक और आदित्य रावल जैसे सितारे भी नजर आने वाले हैं।अजय जी राय इस फिल्म के निर्माता हैं।

इस बीच, काम के मोर्चे पर, परेश रावल को आखिरी बार अक्षय कुमार और राधिका मदान के साथ सरफिरा में देखा गया था। वरिष्ठ अभिनेता ने एयरलाइन कंपनी के मालिक परेश गोस्वामी की भूमिका निभाई। अच्छी प्रतिक्रिया के बावजूद, सरफिरा ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया।

गोट की गिर रही कमाई, विजय की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 8वें दिन किया मामूली कलेक्शन

साउथ सुपरस्टार थलापति विजय की एक्शन थ्रिलर फिल्म गोट (ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम) के बॉक्स ऑफिस पर 8 दिन पूरे हो गए हैं. फिल्म गोट बीती 5 सितंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज हुई थी. फिल्म गोट ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. वहीं, भारत में 200 करोड़ रुपये कमाने में गोट के पसीने छूट रहे हैं. गोट ने आठवें दिन कितनी कमाई की है. आइए जानते हैं.

बता दें, गोट ने वर्ल्डवाइड 126 करोड़ रुपये की बंपर कमाई से खाता खोला था. सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने 8वें दिन इंडिया में 6.5 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है.

'भारत में पहली जीत दर्ज करने का अच्छा मौका,' बांग्लादेश के कप्तान ने बताया टेस्ट सीरीज का प्लान

नई दिल्ली। भारत दौरे के लिए बांग्लादेश टीम रविवार को चेन्नई पहुंच गई है। 19 सितंबर से पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। ढाका से भारत रवाना होने से पहले टेस्ट कप्तान नजमुल हसन शांतो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भारत के साथ टेस्ट मैच की प्लानिंग पर बात की। उन्होंने कहा कि टीम में आत्मविश्वास है और जीतने के लिए अपना 100 प्रतिशत देंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शांतो ने कहा, यह एक चुनौतीपूर्ण सीरीज होगी, लेकिन पाकिस्तान सीरीज से हमें आत्मविश्वास मिला है। मुझे लगता है कि अब पूरे देश

में वह आत्मविश्वास है। हर सीरीज एक अवसर है। हम दोनों टेस्ट जीतना चाहते हैं, लेकिन हमें अपनी प्रक्रिया पर कायम रहना होगा। अगर हम अपना काम करेंगे, तो हम अच्छा परिणाम प्राप्त कर सकते हैं।

आखिरी दिन तक मैच ले जाने का प्लान

शांतो ने आगे कहा, वे रैंकिंग में हमसे काफी आगे हैं, लेकिन हमने हाल ही में अच्छा खेला है। हम पांच दिनों तक अच्छा खेलना चाहते हैं, यही हमारा लक्ष्य है। हम टेस्ट मैच के आखिरी सत्र में तक खेलने की कोशिश करेंगे ताकी बेहतर परिणाम मिले। उस समय, मैच किसी भी दिशा में जा सकता है। भारत में अपनी पहली जीत हासिल करने का एक अच्छा अवसर है। हम जीत को ध्यान में रखकर खेलेंगे।

19 सितंबर से खेला जाएगा पहला टेस्ट मैच

भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच 19 सितंबर से खेला जाएगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के चक्रके लिहाज से भारत के लिए यह सीरीज बेहद अहम है। वहीं, बांग्लादेश ने भारत का काम बिगाड़ने की कोशिश करेगा। हाल ही में बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतकर इतिहास रचा है और वह आत्मविश्वास से भरी हुई है।

नए गाने के लिए फिर साथ आए आलिया भट्ट– दिलजीत, जिगरा के सेट से सामने आई बीटीएस तस्वीर

आलिया भट्ट अपनी आगामी फिल्म जिगरा की रिलीज के लिए तैयार है. एक्ट्रेस फिल्म का प्रमोशन जोरशोर से कर रही हैं. हाल ही में राजी एक्ट्रेस ने जिगरा के सेट से एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वह पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ संग दिख रही हैं. दोनों की एक साथ की तस्वीर ने फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है.आलिया भट्ट ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर अपनी आने वाली फिल्म जिगरा से जुड़ी जानकारी साझा की. एक्ट्रेस ने पंजाबी सिंगर दिलजीत के साथ फोटो शेयर किया है और कैप्शन में लिखा है, कुर्सियां सब

कुछ कह देती हैं.तस्वीर में आलिया भट्ट और दिलजीत कुर्सी पर बैठे दिख रहे हैं. आलिया की कुर्सी पर द सैड कुडी लिखा है. बगल में बैठे दिलजीत दोसांझ की कुर्सी पर लिखा है, कुड़ी के बारे में गाते है. दोनों स्टार कैमरे की ओर अपना पीठ करके बैठे हुए है. वहीं बैकग्राउंड में रोशनी से जगमगाती जिगरा का टाइटल देखा जा सकता है.आलिया के पोस्ट करते ही फैंस के रिएक्शन आने शुरू हो गए. एक फैन ने कमेंट कर लिखा है, तो आलिया और दिलजीत की सुपरहिट म्यूजिकल जोड़ी आधिकारिक तौर पर बन रही है. हम बहुत उत्साहित हैं. एक दूसरे फैन ने लिखा है, मैं उनके आने वाले एक और धमाकेदार गाने का इंतजार नहीं कर सकता. एक यूजर ने लिखा है, एक और ब्लॉकबस्टर आ गई है. एक अन्य ने कमेंट किया है, अब यह मेरा नया पसंदीदा गाना बनने जा रहा है. एक यूजर ने लिखा, दिलजीत और जिगरा की सबसे प्रतीक्षित जादुई जोड़ी यहां है.

प्रैक्टिस सेशन में दिखा विराट कोहली का रौद्र रूप

नई दिल्ली। बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले भारतीय टीम का चेन्नई में कैंप लगा हुआ है। भारतीय टीम इस कैंप में टेस्ट सीरीज की तैयारी कर रही है। टीम इंडिया की तैयारी का आज तीसरा दिन है।इस बीच विराट कोहली का एक शॉट सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रैक्टिस सेशन में विराट कोहली का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। उन्होंने अपने एक शॉट से भारी नुकसान कर दिया है।

ड्रेसिंग रूम की दीवार टूट गई

दरअसल विराट कोहली ने प्रैक्टिस सेशन के दौरान शानदार सिक्स लगाया। इस गेंद से ड्रेसिंग रूम की दीवार ही टूट गई। इसका फोटो अब सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले विराट कोहली जमकर पसीना बहा रहे हैं। उन्होंने कैंप में पहले दिन 45 मिनट तक बल्लेबाजी की थी। दूसरी दिन भी किंग कोहली ने नेट्स में अभ्यास किया था।

सच हुई ट्रेविस हेड को लेकर शेन वॉर्न की भविष्यवाणी

नई दिल्ली। महान शेन वॉर्न ने 8 साल पहले ट्रेविस हेड को लेकर एक बड़ी भविष्यवाणी की थी। उन्होंने कहा था कि हेड भविष्य में ऑस्ट्रेलिया के तीनों फॉर्मेट के स्टार खिलाड़ी बनेंगे। उनकी यह भविष्यवाणी सच साबित हुई है। गौरतलब हो कि ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड की वर्ल्ड क्रिकेट के तूती बोल रही है। वनडे, टी20क और टेस्ट में उनके बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल और वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में उनके बल्ले से ऐतिहासिक पारी निकली। दोनों ही भारत को शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

बताया था भविष्य का स्टार

अब टीमों को डर रहता है कि अगर

हेड का बल्ला चल निकला तो मैच उनके हाथ से ना निकल जाएगा।

इंग्लैंड दौरे पर भी ट्रेविस हेड के बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं। दिवंगत शेन वॉर्न ने 8 साल पहले ट्रेविस हेड के बारे में बड़ी भविष्यवाणी कर दी थी। उन्होंने हेड को भविष्य का स्टार खिलाड़ी बताया था।

एक नजर

सत्यापन नहीं करवाने वालों पर हुई कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः रविवार को पुलिस ने जिलेभर में सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान सभी थाना प्रभारियों ने अपने–अपने थाना क्षेत्रों में श्रमिकों, किरायेदारों, घरेलू नौकरों, फड़फेरी, मजदूरों, छात्रों, बाहरी व्यक्तियों व संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों का सत्यापन किया। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि रविवार को पुलिस ने जिलेभर में अभियान चलाते हुए पुलिस ने संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों में से 294 किराएदारों, 186 मजदूरों व 43 रेड़ी ठेली वालों के सत्यापन की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान सत्यापन न करने वाले 22 मकान मालिकों के विरुद्ध उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 2 लाख 20 हजार का चालान कर कोर्ट को भेजे गए। साथ ही 12 व्यक्तियों के विरुद्ध उत्तराखंड पुलिस अधिनियम की धारा के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए 9 हजार का जुर्माना वसूला गया।

रुहान भारद्वाज और करिश्मा शाह के गीतों पर थिरके युवा

रुद्रप्रयाग। वामन द्वादशी मेले की द्वितीय सांस्कृतिक संध्या में गायक रुहान भारद्वाज, करिश्मा शाह और स्थानीय कलाकारों और महिला मंगल दलों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही। देर रात तक दर्शकों ने सांस्कृतिक संध्या का आनंद लिया। रविवार को भगवान विष्णु की भोगमूर्ति को चांदी की थाल में सजाकर भक्तों ने मंदिर की 21 परिक्रमाएं की। शिव–पार्वती विवाह स्थली त्रियुगीनारायण में वामन द्वादशी मेले के समापन अवसर पर पुजारी और वेदपाठियों ने पहले भगवान विष्णु की पूजा अर्चना कर भोग लगाया। जिसके बाद भगवान की भोगमूर्तियों को चांदी की थाल में सजाया गया। शेरसी गांव के नौटियाल वंश के लोगों ने चांदी की थाल में सजाई गई भोगमूर्ति को अपने सर के ऊपर रखकर ढोल नगाड़ों और भक्तों के जयकारों के साथ मंदिर की करीब 21 परिक्रमाएं पूरी की गई। बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान विष्णु के दिव्य दर्शन कर पुण्य अर्जित किया।

केदारनाथ के लिए नौ हेली सेवाएं होने लगी संचालित

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के लिए दूसरे चरण की यात्रा को लेकर बडी संख्या में यात्री केदारनाथ दर्शनों को पहुंच रहे हैं ऐसे में दूसरे चरण की सेवा के लिए और हेलीकॉप्टर कम्पनियां भी केदारघाटी पहुंच गई और यहां से हेलीकॉप्टर सेवा शुरु कर दी है। बरसात के दौरान महज चार हेली सेवाएं ही संचलित हो रही थी जबकि अब नौ हेली कंपनियां सेवाएं देने लगी है। बीती 10 मई को भगवान केदारनाथ धाम के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोले गए। दो महीने की यात्रा में बड़ी संख्या में यात्रियों ने बाबा केदार के दर्शन किए। जबकि बरसात में भी यात्री केदारनाथ दर्शनों को पहुंचते रहे। अब तक केदारनाथ यात्रा में 1123055 यात्री बाबा के दर्शन कर चुके हैं। हालांकि बरसात के दौरान से अब तक केदारनाथ के लिए चार हेली सेवाएं हेली कंपनियां ही सेवाएं दे रही हैं। जिसमें गुप्तकाशी और फाटा से ट्रांस भारत, शेरसी से हिमालयन हेली एवं क्रिस्टल एविएशन शामिल है।

केक काटकर महिला कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया

नई टिहरी। महिला कांग्रेस का 40वां स्थापना दिवस जिला मुख्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने केक काटकर एक–दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस दौरान कई महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता भी ली। मौके पर टिहरी महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत ने कहा है कि स्थापना दिवस पर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के आवाहन पर देशव्यापी सदस्यता अभियान के तहत लाखों महिलाओं को कांग्रेस के साथ जोड़ने का काम भी शुरू हो गया।

शिविर में 200 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

नई टिहरी। देहरादून के बलूनी अस्पताल और वैदिक मेडिकल एंड मैनेजमेंट कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में चंबा नगर पालिका क्षेत्र के बुरांसबाड़ी में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 200 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें जरूरी सलाह और दवाइयां बांटी। रविवार को वैदिक मेडिकल एंड मैनेजमेंट कॉलेज के निदेशक योगेश रमोला और बलूनी अस्पताल देहरादून के सीईओ द्रवेश नौटियाल, डॉ. उदय शंकर बलूनी ने शिविर का उद्घाटन किया।

दोपहिया वाहनों पर सख्ती, भारी वाहन नहीं आ रहे नजर

● शहर में सड़क किनारे खड़े भारी वाहन दे रहे हादसों को न्यौता ● शिकायत के बाद भी सरकारी सिस्टम नहीं दे रहा कोई ध्यान

कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत देवी रोड पर सड़क किनारे खड़े वाहन

दैनिक जयन्त।

कोटद्वारः गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े भारी वाहन सड़क दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं। चौंकाने वाली बात तो यह है कि पूरे दिन सड़क पर क्रेन लेकर दोपहिया वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने वाली यातायात पुलिस को भी यह भारी वाहन नजर नहीं आते। जबकि, पूर्व में इन भारी वाहनों के कारण कई दुर्घटनाएं भी हो चुके हैं।

क्षेत्र में शायद ही कोई ऐसी सड़क हो जहां आपको बेतरतीब तरीके से खड़े भारी वाहन न दिखाई दें। खासकर मुख्य सड़कों को भारी वाहनों ने अपनी पार्किंग स्थल बना दिया है। सुबह से शाम तक खड़े इन भारी वाहनों के कारण हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

सबसे बुरी स्थिति कौड़िया व नजीबाबाद चौराह के मध्य, कौड़िया से बीईएल व मोटाढांक के मध्य, देवी रोड, झंडाचौक–सिताबपुर रोड में बनी रहती है। पूर्व में सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण हादसे भी हो चुके हैं। लेकिन, सरकारी तंत्र के कान में जूं तक नहीं रेंगती।

रात के वक्त बढ़ता है खतरा

रात के वक्त सड़क किनारे खड़े भारी वाहन दिखाई नहीं देते। जिसके कारण सबसे अधिक परेशानी होती है। वहीं, यह वाहन सड़क पर जाम का कारण भी बनते हैं। पैदल चलने तक का रास्ता नहीं मिलने के कारण राहगिरों को सड़क के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। यही नहीं नगर निगम परिसर के बाहर नगर निगम के भारी वाहन भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही खड़े रहते हैं।

दुगड्डा के वार्ड नंबर चार में पेयजल किल्लत

कोटद्वारः दुगड्डा नगर पालिका क्षेत्र के चार वार्डों में पिछले तीन चार दिन से पेयजल किल्लत होने से लोग परेशान हैं। पेयजल किल्लत से परेशान लोगों ने पेयजल सप्लाई शीघ्र सामान्य नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। रविवार को स्थानीय लोगों व्यापार मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र लूथरा, अनूप डबराल, पूर्व सभासद अनीता गौड़, संजय डबराल, अग्रवाल, अशोक कुकरेती, रजत अग्रवाल और मनोज नेगी आदि ने बताया कि दुगड्डा नगर क्षेत्र चार वार्डों में विभाजित हैं। जहां की आबादी 4000 से अधिक है। यहां पेयजल आपूर्ति के लिए जल संस्थान की ओर से लगूंगाड नदी के किनारे आमडाली में पंप हाउस स्थापित किया गया है। इस पंप हाउस में आए दिन यांत्रिक खराबी और मोटर फुंकने की समस्या बनी रहती है। कई बार बरसात के सीजन में मिट्टीयुक्त और खराब पानी आने से पंप हाउस को बंद कर दिया जाता है। इस बार भी पानी की आपूर्ति नही होने से लोग पेयजल के लिए भटक रहे हैं। चेतावनी दी कि पेयजल सप्लाई शीघ्र सामान्य नही हुई तो वे उग्र आंदोलन पर बाध्य होंगे।

आर्युवेद चिकित्सकों को एसीपी व डीएसीपी का लाभ देने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः जिला आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्साधिकारी संघ पौड़ी ने एलोपैथी चिकित्सको की भांति आर्युवेद चिकित्सकों को एसीपी व डीएसीपी का लाभ दिए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग में दस से अधिक वर्षों से चिकित्सक निरंतर बेहतर सेवाएं देते आ रहे हैं। लेकिन उन्हें एसीपी (सुनिश्चित करियर प्रोन्नति) का लाभ अभी तक नहीं मिला है। कहा डीएसीपी (समयवद्ध वेतनमान प्रोन्नति) की सुविधा भी आर्युवेद चिकित्सको को नहीं मिल पा रही है। उन्होंने एसीपी व डीएसीपी लागू कर चिकित्सको को उसका लाभ प्रदान किए जाने की मांग की है। जिला मुख्यालय पौड़ी जिला आर्युवेद एवं यूनानी चिकित्साधिकारी संघ पौड़ी की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान विभाग की योजनाओं को धरातल पर उतारने में सामूहिक प्रयास किए जाने पर जोर दिया गया। आयुष ग्राम व औषधि ग्राम की संकल्पना को साकार रुप देने पर भी मंथन किया गया। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि बाल्य देखभाल अवकाश को अभी तक जिला स्तर पर स्वीकृति प्रदान की जाती थी। यह व्यवस्था अब निदेशालय स्तर से संचालित हो रही है। जिससे अवकाश को स्वीकृति मिलने में समय लग रहा है। उन्होंने बाल्य देखभाल अवकाश की स्वीकृति पूर्व की भांति जिला स्तर पर प्रदान किए जाने की मांग की गई। कार्यक्रम में संघ की नई जिला कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें डा. अनुज कुमार अध्यक्ष व डा. राकेश कुमार सचिव चुने गए। इसके अलावा डा. जितेंद्र भाटिया उपाध्यक्ष, डा. अवधेश डंगवाल कोषाध्यक्ष, डा. दीवान सिंह नेगी आय–व्यय निरीक्षक, डा. तनुश्री कांडपाल मीडिया सलाहकार, डा. विवेक सतेलवाल उप सचिव मनोनीत किए गए।

व्यापार सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः रविवार को प्रेक्षागृह में व्यापार सभा का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचत पदाधिकारियों ने व्यापारियों की समस्याओं को हल करना प्राथमिकता बताया। प्रेक्षागृह में रविवार को व्यापार सभा के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार पोरी ने नवनिर्वाचत व्यापार सभा अध्यक्ष विनय शर्मा, सचिव देवेंद्र सिंह रावत, कोषाध्यक्ष दिलबर सिंह भंडारी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि विधायक ने व्यापार सभा को हरसंभव मदद का आश्वासन देते हुए कहा कि व्यापारियों के हितों के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। इससे पूर्व कार्यक्रम में नेहरू मोंटेसरी स्कूल की छात्र–छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सुषमा रावत, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष यशपाल बेनाम, व्यापार सभा के उपाध्यक्ष मनोज रावत अंजुल, प्रवीन असवाल, पूर्व अध्यक्ष हेमेंद्र नेगी, कोषाध्यक्ष कुलदीप गुसांई, सरिता नेगी, कुसुम चमोली, अनीता रावत, रघुवीर सिंह रावत, प्रियंका थपलियाल, बबीता रावत, बीरा भंडारी आदि शामिल रहे।

टीम का चयन ट्रायल 18 सितंबर को

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः जनपद स्तरीय हैंडवाल टीम का चयन ट्रायल 18 सितंबर को ध्रुवपुर स्थित हैंडवाल मैदान में आयोजित किया जाएगा। हैंडवाल के जिला प्रभारी रजत सिंह नेगी ने बताया कि उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन के माध्यम से 21 से 27 सितंबर तक रूद्रपुर उधमसिंह नेगी में स्टेट गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद की हैंडवाल टीम का चयन होना है। जिसके लिए कोटद्वार स्थित ध्रुवपुर में हैंडवाल मैदान में खिलाड़ियों का चयन ट्रायल किया जाएगा। उन्होंने हैंडवाल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि पर सुबह दस बजे पहुंचने का आग्रह किया।

पूर्व सैनिकों की समस्याओं का किया निराकरण

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः गढ़वाल पूर्व सैनिक लीग की ओर से शनिवार देर शाम को भाबर क्षेत्र के घमंडपुर स्थित एक बारातघर के सभागार में आयोजित शिविर में पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर का आरंभ करते हुए लीग अध्यक्ष बुद्धिबल्लभ ध्यानी ने कहा कि लीग पूर्व सैनिकों के साथ हर स्थिति में खड़ी है।

लीग के माध्यम से आयोजित शिविरों में पूर्व सैनिकों और वीर नारियों की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाता है। शिविर में पूर्व सैनिकों को सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी देने सहित उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान लीग से जुड़े समस्त पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

पुरानी पेंशन बहाली को आक्रोश रैली निकालने का निर्णय

राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में आयोजित की गई बैठक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः लगातार मांग उठाने के बाद भी पुरानी पेंशन बाहली नहीं होने पर सरकारी कर्मचारी व अधिकारियों ने रोष व्यक्त किया है। ऐसे में पुरानी पेंशन योजना बहाली आंदोलन के सदस्यों ने पुरानी पेंशन बाहली के लिए 26 सितंबर को जिला मुख्यालय के घेराव का निर्णय लिया है। कहा कि इस दौरान आक्रोश रैली भी निकाली जाएगी।

रविवार को राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सदस्यों ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) का विरोध किया। पुरानी पेंशन योजना बहाली आंदोलन के अध्यक्ष अनूप जदली ने कहा कि यूपीएस में सबसे बड़ी परेशानी कर्मचारियों को यह है कि इस पेंशन योजना में 25 वर्ष नौकरी के उपरांत ही पचास प्रतिशत पेंशन मिलेगी।

जीआईसी कोटद्वार में आयोजित बैठक में भाग लेते सरकारी कर्मचारी व अधिकारी

वहीं, सरकार ने नौकरी में आवेदन की आयु सीमा 42 वर्ष रखी है। ऐसे में कई कर्मचारी पचास प्रतिशत पेंशन वाली योजना वंचित रह जाएंगे। प्रधानाचार्य दीपक सिंह रावत ने कहा कि एक ओर विधायक, सांसदों को पुरानी पेंशन का लाभ मिल रहा है। वहीं, कर्मचारी व अधिकारियों की पुरानी पेंशन बंद कर दी गई।

जिला मीडिया प्रभारी कैलाश थपलियाल ने कहा कि नई पेंशन योजना के तहत जो भी कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहें है उनकी पेंशन मात्र 13 सौ से लेकर तीन हजार रुपये मासिक बन रही है। सवाल यह है कि इतने कम बजट में कैसे परिवार का पालन–पोषण हो पाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 सितम्बर को समस्त कर्मचारी व अधिकारी एकजुट होकर पौड़ी जिला मुख्यालय में धरना–प्रदर्शन व आक्रोश रैली निकालेंगे। इस मौके पर अजय बिष्ट, अनिल कोटनाला, महेंद्र जदली, सुधा बलोधी, दीपक सिंह रावत, दिनेश सिंह, खेमदान ज़खमोला, अनिल कुमार, हर्षपाल सिंह रावत, नरेन्द्र सिंह रावत, सुमित भारतीय, विश्वबंधु भंडारी, अनूप रावत, मनमोहन सिंह बिष्ट, पूनम बिष्ट, सुरेंद्र रावत, गुमान चौहान, गोपीचंद विदुरी,नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र रावत, भास्करानन्द काला आदि मौजूद रहे।

सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने वालों को किया सम्मनित

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः लायंस क्लब डिग्निटी की ओर से सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान समाजिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब के डिस्ट्रिक गवर्नर, एके मित्तल, पंकज बिलवान, विनय सिसोदिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सर्व प्रथम छात्राओं ने गणेश वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

तत्पश्चात क्लब के अध्यक्ष राकेश बत्रा, उपाध्यक्ष प्रशांत रस्तोगी, सचिव रोहित बत्ता, कोषाध्यक्ष राजेश फूल को पद की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु नवयुग पब्लिक स्कूल पदमपुर स्कूल मोटाढांक की प्रधानाचार्या नीलम नेगी, प्रवक्ता अरुण नैथानी व राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार के प्रवक्ता मुकेश रावत को क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश बत्रा ने क्लब के इतिहास व गतिविधियों की जानकारी दी। कहा कि लायं क्लब समाज सेवा, नेत्रदान महादान अभियान, निश्शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर, रक्तदान शिविर, निर्धन मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित सहित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इस मौके पर हुकुम सिंह नेगी, ऋचा जैन, रूचि विज, अरविंद बंसल, अमित जैन मौजूद रहे।

समारोह में पद व गोपनीयता की शपथ लेते पदाधिकारी

पौड़ी में महिला कांग्रेस ने चलाया सदस्यता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः महिला कांग्रेस स्थापना दिवस पर रविवार को कांग्रेस कार्यालय में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई।

रविवार को पौड़ी कांग्रेस कार्यालय में महिला कांग्रेस स्थापना दिवस पर महिलाओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष नीलम रावत ने कहा कि महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस पर बड़ी संख्या में महिलाओं को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई गई है। बताया कि पूरे प्रदेश में 10 लाख महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। बताया कि सदस्यता अभियान राष्ट्रीय स्तर से लेकर जिला स्तर तक चलाया जा रहा है। इस मौके पर संजना गुजराल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तीन से कक्षा 12 तक संस्कृत भाषा एक विषय के रूप में होः कामत

हरिद्वार। श्रीव्यास मन्दिर हरिपुर कलां हरिद्वार में संस्कृत भारती की अखिल भारतीय गोष्ठी में संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कामत ने कहा कि नवशिक्षा नीति के अन्तर्गत कक्षा तीन से कक्षा 12 तक भारतीय ज्ञान परम्परा के तहत संस्कृत भाषा एक विषय के रूप में अनिवार्यतः पढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि जो संस्कृत को नहीं जानता वह भारत को कैसे जान सकता है। उन्होंने सभी को संस्कृत में बोलने व कार्य करने की प्रेरणा प्रदान की। राज्य की द्वितीय राजभाषा संस्कृत है तथा उत्तराखंड में विद्यालयी शिक्षा में संस्कृत अनिवार्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा एवं राज्यसभा में नवनिर्वाचित सांसद सदस्यों के द्वारा संस्कृत में शपथ लेने के लिए उन्होंने सभी का आभार प्रकट किया। बताया कि दो व्यक्तियों से आरंभ होकर संस्कृत भारती संगठन आज 26 देशों में संस्कृत के उत्थान कार्य कर रही हैं। संस्कृत भारती सरल संस्कृत में बातचीत सीखने के साथ ही साथ सरल संस्कृत पुस्तक लेखन, मुक्त स्वाधवाय केन्द्र, दस दिवसीय शिविर संचालन, बाल केन्द्र, गीता शिक्षण केन्द्र, संस्कृत सप्ताह, मिलन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन खण्डस्तर, जनपदस्तर, राज्यस्तर पर कर रही है।

स्वामी चिदानन्दसरस्वती ने कहा कि संस्कृत भारती ने आज देश से लेकर विदेश तक संस्कृत बोलने का गौरव हासिल किया है। प्रान्त संपर्क प्रमुख डॉ. प्रकाश पन्त ने कहा कि उत्तराखंड में 12वीं शताब्दी से संस्कृत लेखन परम्परा के प्रमाण मिलते हैं। राजा ललितसूर देव के लेख का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि तत्कालीन पर्वताकार राज्य की राजभाषा भी संस्कृत थी।

श्यामपुर में स्वास्थ्य केंद्र शुरू नहीं होने से पचास हजार लोग परेशान

हरिद्वार। हरिद्वार के श्यामपुर क्षेत्र में 2.31 करोड़ की लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन को आज दो बर्ष बाद भी स्टाफ और सुविधाओं का इंतजार है। यदि अस्पताल का संचालन शुरू होता तो आठ ग्राम पंचायतों की 50 हजार की आबादी को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती, लेकिन लापरवाही के चलते अभी तक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर, नर्स और अन्य स्टाफ की तैनाती नहीं हो सकी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से कई बार शासन को पद सर्जित करने की मांग की जा चुकी है, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। ग्राम प्रधान श्यामपुर योगेश सिंह चौहान, ग्रामीण अनिल सिंह, शहजाद अंसारी का कहना है कि श्यामपुर में स्वास्थ्य केंद्र के बनने से कांगड़ी, गाजीवाली, श्यामपुर, सज्जनपुर, पीली पढ़ाव, दूधलादयालवाला, नलोवाला, गैंडीखाता आदि पंचायतों और हरिद्वार नजीबाबाद हाईवे पर होने वाली दुर्घटनाओं में स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के चलते ग्रामीणों को 25 किमी दूर हरिद्वार जाना पड़ता है। वहीं पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य शानू अंसारी ने शासन प्रशासन और राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया कि करोड़ों की लागत से भवन बनाकर खड़ा कर दिया, लेकिन सुविधा के नाम पर अभी तक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर ताला लटका हुआ है। सरकार की निरंकुशता के चलते अभी तक स्टाफ तैनात नहीं हो सका।

उपेन्द्र राजकीय जूनियर हाई स्कूल संघ के अध्यक्ष निर्वाचित

चमोली। जूनियर हाई स्कूल संघ चमोली के बीते दिन चुनाव में उपेन्द्र सती जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए। संघ के जिला मंत्री पर पर विक्रम सिंह गुसाईं तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मंजूषा पुंडीर निर्वाचित हुई। संघ के कोषाध्यक्ष पद पर सर्वेश्वर सिमल्टी और वरिष्ठ संयुक्त मंत्री पद पर यशपाल सिंह बुटोला निर्वाचित हुए। गोपेश्वर में जूनियर हाई स्कूल संघ जनपद चमोली का त्रैवासिक अधिवेशन और निर्वाचन सम्पन्न हुआ। अधिवेशन के मुख्य अतिथि बदरीनाथ के विधायक लखपत बुटोला थे। उन्होंने शिक्षा को जीवन का प्रकाश पुंज बताते हुए कहा व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के वैभव में शिक्षकों की भूमिका सदैव वंदनीय रही है। आज भी है और सदैव रहेगी। अधिवेशन के बाद आयोजित जूनियर हाई संघ के त्रैवार्षिक चुनाव में उपेन्द्र सती संघ के जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान, दी चेतावनी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस की ओर से क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने सत्यापन नहीं करवाने वालों को कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

रिखणीखाल में थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल ने पुलिस की तीन टीमें बनाई। जिन्होंने क्षेत्र में जाकर बाहरी लोगों की जानकारी एकत्रित की। साथ ही किराएदारों का भी सत्यापन करवाया। पुलिस टीमों ने बाहरी क्षेत्रों से आए लोगों को पुलिस सत्यापन करवाए जाने की हिदायत दी। कहा कि मकान मालिक या ठेकेदारों के यहां रहे रहे किराएदारों का सत्यापन करवाना भी जरूरी है। जिन लोगों ने अभी तक सत्यापन नहीं करवाया है, वे थाना रिखणीखाल में आकर सत्यापन करवा लें। कहा कि पुलिस सत्यापन न करवाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। सत्यापन अभियान में कैलाश जोशी, सुशील, सुरजीत, राजेश कपूर शामिल रहे।

सत्यापन अभियान चलाती पुलिस

महिला कांग्रेस दिवस पर चलाया सदस्यता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः जिला महिला कांग्रेस की ओर से भारतीय राष्ट्रीय महिला कांग्रेस का 31वां स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस पर सदस्यता अभियान की भी शुरूआत भी की गई। जिसमें 25 महिलाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश की प्रगति में महिलाएं अपना योगदान कर रही है। कहा कि प्रत्येक महिला को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की जरूरत है। कहा कि कांग्रेस पार्टी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 1983 में आनुसांगित संगठन बनाया था। इस मौके पर 25 महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल ने कहा कि नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में जाकर सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा। इस मौके पर पूनम कैंत्यूरा, गीता सिंह, रंजना रावत, शहनाम शम्सी, बिमलेश नेगी, सुनीता बिष्ट, मधु, रेखा, पीताबंरी रावत, सरिता मौजूद रहे।

सदस्यता अभियान चलाती महिला कांग्रेस की सदस्य

गढ़वाल विवि में बढ़ सकता है अतिथि शिक्षकों का वेतन

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि में अतिथि शिक्षकों के मानदेय बढ़ाये जाने को लेकर जल्द ही बड़ा फैसला हो सकता है। इसको लेकर सकांयाध्यक्षों ने बैठक प्रस्ताव गढ़वाल विवि की कुलपति को सौंपा है। लम्बे समय से अतिथि शिक्षकों के वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे गढ़वाल विवि के छात्र संघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल ने कहा कि गढ़वाल विवि ने नूतन सत्र में मात्र 50 अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की है और विश्वविद्यालय अभी भी उन्हें प्रति माह 24 हजार रुपये ही दे रहा है। कहा कि गढ़वाल विवि को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशानुसार अतिथि शिक्षकों का मानदेय प्रति व्याख्यान 1500 रुपये किया जाना चाहिए, जो अधिकतम 50,000 रुपये प्रति माह तक हो सकता है। कहा कि देश के अधिकांश केंद्रीय विश्वविद्यालय में पहले से ही इन संशोधित निर्देशों का पालन कर रहे हैं, जिससे अतिथि शिक्षकों को एक सम्मानजनक और समुचित पारिश्रमिक मिल रहा है।

धर्म सिंह अध्यक्ष व रघुवीर सचिव बने

नई टिहरी। राजकीय पेंशनर्स नरेंद्रनगर शाखा संगठन के त्रैवार्षिक अधिवेशन में ज्वलंत समस्याओं का निस्तारण न होने पर आक्रोश जताया गया। इस दौरान नवीन कार्यकारिणी का गठन करते हुए धर्म सिंह चौहान अध्यक्ष, रघुवीर सिंह भंडारी सचिव, केशव चंद्र जोशी कोषाध्यक्ष और पीके ध्यानी को संरक्षक चुना गया। रविवार को कर्मचारी कल्याण क्लब नरेंद्रनगर में आयोजित अधिवेशन का प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र कृषाली, महासचिव रमेंद्र पुंडीर और उपाध्यक्ष रोशन सिंह ने उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि प्रांतीय स्तर पर संगठन लगातार ज्वलंत समस्याओं को लेकर संघर्षरत है। जिसमें गोल्डन कार्ड की खामियां, कैशलेस इलाज आदि समस्याओं को लगातार उठाया जा रहा है। वहीं निवर्तमान शाखाध्यक्ष पीके ध्यानी 3 वर्षों की उपलब्धियों से रूबरू कराकर एकजुटता बनाए रखने की अपील की। केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक रमेंद्र सिंह पुंडीर, चुनाव अधिकारी रोशन सिंह की देखरेख में निर्विरोध चुनाव संपन्न कराए गए। प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व प्रांतीय सचिव वाचस्पति रयाल ने निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। गोल्डन कार्ड और ओपीडी के मुद्दे पर यदि सकारात्मक निर्णय नहीं गया तो संगठन आंदोलन को बाध्य होगा। अधिवेशन में भगवती उनियाल, धर्म सिंह कृषाली, प्रांतीय प्रवक्ता जबर सिंह पंवार, शूरवीर चौहान, हृदय राम सेमवाल, सुंदर सिंह रावत, सुभाष राय, पुष्पा राणा, हर्षमणी भट्ट, मोर सिंह असवाल, मदनलाल चमोली, गोपाल दत्त, श्यामलाल थपलियाल, मोहनलाल, पूर्व कमांडेंट यशपाल राणा और विक्रम रावत मौजूद थे।

एक नजर

देहरादून का दस हजार का इनामी पशु तस्कर सहारनपुर से गिरफ्तार

देहरादून। देहरादून से फरार दस हजार रुपये के इनामी पशु तस्कर को यूपी के सहारनपुर जिले से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ देहरादून और सहारनपुर जिले में 27 अलग–अलग अपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी को दून लाकर कोर्ट में पेश किया गया। यहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि सहारनपुर निवासी फैजान उर्फ फिल्टर संरक्षित पशु तस्कर है। उसे पूर्व में पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था। गैंग में शामिल समीम पुत्र अजीज निवासी गंदेवडा, थाना फतेहपुर, जिला सहारनपुर, फरार था। उस पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। वह लगातार ठिकाने बदल रहा था। हाल में आरोपी के सहारनपुर में उसके ससुर के घर में होने की भनक लगी। वहां दबिश देकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ क्लेमनटाउन दीपक धारीवाल, हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल सुनीत, कांस्टेबल किरण कुमार शामिल रहे।

उत्तराखंड में निकाय चुनाव लड़ेगी राष्ट्रीय रालोद

देहरादून। राष्ट्रीय लोकदल उत्तराखंड में आगामी निकाय और विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारेगी। उत्तराखंड में भाजपा से गठबंधन पर फैसला अभी नहीं हुआ है। किसानों, युवाओं एवं महिलाओं के मुद्दों पर आवाज उठा रालोद अकेले ही फिलहाल चुनाव की तैयारी करेगी। रविवार को रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी दून पहुंचे। उन्होंने सुभाष रोड पर प्रदेश कार्यालय का उद्घाटन किया। प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पंत की अगुवाई में प्रदेश कार्यकारिणी एवं तीन जिलों के अध्यक्ष बनाए गए। महासचिव त्रिलोक त्यागी बोले, जम्मू कश्मीर में वह चुनाव लड़ रहे हैं और अब झारखंड एवं महाराष्ट्र समेत उत्तराखंड में भी चुनाव की तैयारी है। उत्तराखंड में गांवों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। गांवों में सड़कें, अस्पताल, लघु उद्योग लग जाए तो पलायन नहीं होगा। इस दौरान प्रदेश महासचिव अनुपम खत्री, परविंद्र चौधरी, शैलबाला ममगाईं, अभय प्रताप सिंह, अशोक चौधरी, पप्पू मेजर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, देवपाल राठी, जेठमल सैनी, हरमीत सिंह, सचिव उदयवीर सिंह, प्रमोद डोभाल, मुकेश बिष्ट, भजन सिंह, भगवती प्रसाद, यशोदा रावत, हरिद्वार अध्यक्ष मोरध्वज सिंह, यूएसनगर अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, नैनीताल अध्यक्ष कल्पित मेहरा आदि मौजूद रहे।

पच्चीस हजार का इनामी बदमाश लखनऊ से गिरफ्तार

हरिद्वार। नशे के कारोबार से जुड़े 25 हजार के इनामी आरोपी गैंगस्टर को सिडकुल पुलिस ने लखनऊ यूपी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने पुलिस टीम का हौसला बढ़ाया है। एसओ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि मार्च में नशे का कारोबार करने वाले अनितपाल निवासी ब्रह्मपुरी रावली महदूद और मनोज कुमार निवासी ग्राम खुशरुवा थाना सदरपुर जिला सीतापुर यूपी के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने उस वक्त आरोपी अनितपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन दूसरा आरोपी मनोज हत्थे नहीं चढ़ सका था। फरार आरोपी की तलाश में लगातार पुलिस जुटी थी। इसी दौरान आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित कर दिया गया था। एसओ ने बताया कि फरार आरोपी की धरपकड़ के लिए एसआई इंद्र सिंह गड़िया, कांस्टेबल प्रमोद गोस्वामी को टॉस्क दिया गया था।

सिडकुल में 22 मकान मालिकों का काटा चालान

हरिद्वार। सिडकुल पुलिस ने रविवार की सुबह विभिन्न इलाकों में सत्यापन अभियान चलाया। सत्यापन नहीं कराने वाले 22 मकान मालिकों के 10–10 हजार के चालान काटते हुए कुल 2.20 लाख का जुर्माना ठोका गया। थाना प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर रविवार की सुबह रावली महदूद, महादेवपुरम, नवोदय नगर, रोशनाबाद सहित आसपास के इलाकों में किरायेदार, घरेलू नौकर और दुकानों पर काम करने वालों का सत्यापन किया गया। इस दौरान अलग–अलग क्षेत्रों में 22 मकान मालिक ऐसे मिले, जिन्होंने बिना सत्यापन कराए ही किरायेदारों को कमरे दिए थे। इन सभी 10–10 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

बालिका आत्मरक्षा एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का राज्यपाल ने किया शुभारंभ

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को राजभवन आवासीय कॉलोनी में बालिका आत्मरक्षा एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। इस केंद्र में विशेषज्ञों द्वारा आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकें जैसे कराटे, ताइक्वांडो और मार्शल आर्टस सिखाई जाएगी जो बालिकाओं को किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सक्षम बनाएगी। इसके साथ ही इसमें बच्चों को कंप्यूटर का आधारभूत ज्ञान और अन्य तकनीकी कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस केंद्र को बनाने का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा कौशल साथ–साथ डिजिटल युग में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि यह समय बालिकाओं को आत्मनिर्भर और उन्हें हर चुनौति के लिए तैयार करना है। यह केन्द्र बालिकाओं को न केवल आत्मरक्षा सिखाएगा बल्कि कंप्यूटर प्रशिक्षण के माध्यम से उनकी शिक्षा और करियर की दिशा में सहायक होगा। उन्होंने इस सेंटर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता के चेक भी दिए। इस कार्यक्रम में राज्यपाल ने राजभवन की पत्रिकाओं ह्यह्यदेवभूमि संवादह्लह्ल और ह्यह्यनन्दाह्लह्ल का विमोचन किया। राजभवन उत्तराखंड की पत्रिका देवभूमि संवाद का प्रकाशन प्रत्येक 06 माह में किया जाता है। इस पत्रिका में राज्यपाल के विभिन्न कार्यक्रमों, बैठकों, भाषणों सहित अन्य गतिविधियों का संकलन है। जबकि त्रैमासिक पत्रिका नन्दा में विविध एवं समसामयिक विषयों पर लेख और विविध विषयों पर आधारित विशेषांक प्रकाशित किए गए हैं।

इस दौरान राज्यपाल ने राजभवन परिसर में सगंध पौध वाटिका (एरोमेटिक गार्डन) का उद्घाटन किया। इस वाटिका में विभिन्न प्रकार के 51 औषधीय एवं सुगंधित पौधे लगाए गए हैं, जिनमें तुलसी, तिमुर, लेमनग्रास, जेरेरियम, पुदीना और थूजा जैसे पौधे प्रमुख हैं। इन पौधों का उपयोग न केवल खुशबू और सौंदर्य के लिए किया जाता है, बल्कि इनसे स्वास्थ्य संबंधी कई लाभ भी मिलते हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह वाटिका न केवल पर्यावरणीय दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि सगंध और औषधीय गुणों से परिपूर्ण पौधों के महत्व को भी दर्शाता है।

प्रदेशभर में 10 लाख महिलाओं को संगठन से जोड़ेगी महिला कांग्रेस

देहरादून। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का 40वां स्थापना दिवस रविवार को कांग्रेस भवन में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान महिला कांग्रेस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की उपस्थिति में मेंबरशिप कैंपेन लॉन्च किया गया। उत्तराखंड महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि यह पहली बार है जब स्थापना दिवस पर देशभर में सदस्यता अभियान की शुरुआत हो रही है। उत्तराखंड में 10 लाख महिलाओं को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। बता दें कि महिला कांग्रेस की स्थापना 30 अप्रैल, 1984 को भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने की थी। महिला कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को राजनीति में शामिल करना और उनकी आवाज को सुनने का अवसर प्रदान करना है। अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने बताया कि उत्तराखंड महिला कांग्रेस प्रदेश में पहली बार सभी मुख्यालयों में मेंबरशिप कैंपेन लॉन्च करने जा रही है। इसके बाद अभियान को आगे बढ़ाते हुए जिला, ब्लॉक और बूथ लेबल तक शुरू किया जाएगा। सदस्यता अभियान पूरी तरह से ऑनलाइन होगा, जिसमें हर वर्ग की महिलाएं पांच साल तक के लिए महिला कांग्रेस की सदस्य बन सकती हैं। सदस्यता के लिए मात्र 100 रुपये की ऑनलाइन फीस जमा करनी होगी, जिसके बाद सदस्य को ऑनलाइन सदस्यता सर्टिफिकेट प्राप्त होगा।

रौतेला ने बताया कि अभियान के प्रचार–प्रसार के लिए पोस्टर, पंफलेट, बैनर, सोशल मीडिया जैसे साधनों का इस्तेमाल किया जाएगा। महिला कांग्रेस संगठन की नई वेबसाइट पर महिलाओं को अपनी बात रखने का मंच मिलेगा, साथ ही संगठन की गतिविधियों और योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध होगी।

केदारनाथ में भारी निर्माण पर विधिक राय लेकर कोर्ट जाएगी कांग्रेस

देहरादून। केदारनाथ में बहुमंजिला इमारतों के निर्माण पर कांग्रेस ने एतराज जताया है। अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर विधिक राय के साथ भू–विज्ञानियों से चर्चा करने के बाद कोर्ट का रास्ता इख्तियार करेगी। उन्होंने कहा कि निर्माण की इस प्रक्रिया में एक तरफ केदारघाटी भूस्खलन के कारण नीचे से खोखली हो रही है, वहीं दूसरी तरफ सरकार की ओर से बड़ी–बड़ी मशीनों को ले जाकर केदारनाथ में भारी निर्माण किए जा रहे हैं। इससे आने वाले समय में वहां बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा पूरी करने के बाद रविवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में माहरा ने कहा कि केदारनाथ यात्रा मार्ग पर स्थानीय व्यवसायों, तीर्थ पुरोहितों और मजदूर वर्ग के साथ भी लगातार सरकारी मनमानी की शिकायत सभी वर्गों ने की हैं। केदारनाथ यात्रा को लेकर सरकार बड़े–बड़े दावे कर रही थी, लेकिन दुर्गम यात्रा होने के बावजूद रास्ते में कहीं भी स्वास्थ्य सेवाएं नजर नहीं आईं। उन्होंने कहा कहीं भी ऑक्सीजन पार्लर नजर नहीं आए, जबकि वहां सबसे अधिक परेशानी ऑक्सीजन की कमी के कारण ही होती है। माहरा ने कहा कि स्थानीय हकहकूक धारियों से भी टैंट कॉलोनी के नाम पर 80 हजार रुपये प्रति टैंट वसूला गया है। यही नहीं प्रशासन की ओर से करीब छह हजार रुपये प्रति कच्ची दुकान के वसूले गए। इसके बाद इन्हीं दुकानदारों का वन विभाग ने 10 हजार का चालान भी काट दिया। इससे स्पष्ट है कि सरकारी विभागों में कोई संवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम में पुनर्निर्माण के नाम पर तीर्थ पुरोहितों और स्थानीय लोगों के साथ अन्याय किया जा रहा है। अतिक्रमण के नाम पर लगातार बुलडोजर चलाकर लोगों के प्रतिष्ठानों को तोड़ा जा रहा है, जिससे उनकी रोजी रोटी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केदारनाथ में निर्माण के नाम पर एनजीटी के आदेशों की धज्जियां खुलेआम उड़ाई जा रही हैं। केदारनाथ धाम में एक मंजिल से अधिक का निर्माण प्रतिबंधित है, लेकिन आज वहां खुलेआम बहुमंजिला भवन धड़ल्ले से बनाए जा रहे हैं। जो बड़ी आपदा को खुला निमंत्रण है। उन्होंने कहा कि ऑल वेदर रोड भी जगह–जगह आपदाग्रस्त है, लेकिन प्रशासनिक व्यवस्थाएं कहीं दिखाई नहीं दे रही हैं।

दून मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों के लिए बढ़ेंगे मेस

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों के मेस में गंदगी के अंबार मिलने एवं खाने की गुणवत्ता में कमी शिकायतों से किरकिरी के बाद अब प्रबंधन हरकत में आया है। मेडिकल कॉलेज में मेडिकल छात्रों के लिए मेस बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। कॉलेज के वार्डनों एवं फूड कमेटी की ओर से इस संबंध में सुझाव प्राचार्य डॉ. गीता जैन को दिया गया है। प्राचार्य ने इस संबंध में शासनादेश का अवलोकन कर प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है। हर हॉस्टल में मेस खोले जाने की तैयारी है। शनिवार को कॉलेज के हॉस्टल से जुड़े विभिन्न बैच के वार्डनों की प्राचार्य के निर्देश पर बैठक हुई। जिसमें हॉस्टल की समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान चीफ वार्डन डॉ. अशोक कुमार, डॉ. एएन सिन्हा, डॉ. अनुपमा आर्या, डॉ. रेनू डॉ. राजीव कुशवाह, डॉ. दीपक जुयाल आदि मौजूद रहे।

आज का युवा आहार के मूल सिद्धांतों से भटक रहा: त्रिपाठी

हरिद्वार। पतंजलि विश्वविद्यालय में सेवाज्ञ संस्थानम् की ओर से आयोजित दो दिवसीय युवा धर्म संसद के द्वितीय दिवस में 'व्यसन एवं मनोरोगों के समक्ष युवा विषय रहा। सत्र को संबोधित करते हुए उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके त्रिपाठी ने युवाओं के जीवन के तीन प्रमुख स्तंभों आहार, निद्रा और ब्रह्मचर्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का युवा आहार के मूल सिद्धांतों से भटक रहा है। उन्होंने नियमित जीवन और प्राकृतिक ऊर्जा के महत्त्व और निद्रा को जीवन का अभिन्न अंग मानते हुए कहा कि समुचित निद्रा के अभाव में जीवन नष्ट हो सकता है। असफलता से न डरने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि असफलता भी सीखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है और इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा मानकर सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

दार्शनिक विचारक डॉ. अरुण प्रकाश ने युवाओं की मानसिक स्थिति और शिक्षा व्यवस्था की विफलता पर चर्चा करते हुए कहा कि आज की शिक्षा प्रणाली समाज से युवाओं को विस्थापित कर रही है। उन्होंने जीवन में स्थायी मूल्यों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता पर जोर दिया और युवाओं को अपनी चेतना का विस्तार करने का आह्वान किया। स्वच्छ भारत मिशन इंदौर के ब्रांड एम्बेसडर डॉ. पुनीत द्विवेदी ने युवाओं में बढ़ते तकनीकी व्यसनों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तकनीकी व्यसन भारत की सांस्कृतिक को नष्ट कर रहा है। दिल्ली विवि के हंसराज कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रमा ने कहा कि युवाओं के भीतर देशप्रेम और आत्मबल होना चाहिए।दूसरे दिन के द्वितीय सत्र में 'वैश्विक बाजारवाद से उत्पन्न सांस्कृतिक चुनौतियां विषय पर चर्चा की गई।

जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने बाजारवाद के प्रभाव और उसके चलते उत्पन्न सामाजिक और पारिवारिक संकटों पर चर्चा की। सांची बौद्ध–भारतीय ज्ञान अध्ययन विवि की कुलपति प्रो. नीरजा गुप्ता ने साझा संस्कृति की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि पाश्चात्य तकनीकी विकास ने हमें एकाकी बना दिया है।

शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान

देहरादून। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन और भारत विकास परिषद गंगोत्री शाखा द्वारा दून वैली पब्लिक स्कूल जोहड़ी गांव में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संगठन मंत्री रोशन लाल अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक की राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। वह शिक्षा के साथ उसका नाता देश की माटी से जोड़ता है। मौके पर शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक खजानदास, विशिष्ट अतिथि चंद्रगुप्त विक्रम, रोशन लाल अग्रवाल, विशाल गुप्ता, समारोह अध्यक्ष हरीश मित्तल, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, केवी की उपायुक्त सुकीर्ति रैवानी, सहायक आयुक्त डॉ. स्वाति अग्रवाल, विजयलक्ष्मी अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रेनबो चिल्ड्रन स्कूल विकासनगर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की। संगीता कश्यप ने नृत्य किया। विधायक खजानदास ने सम्मानित शिक्षकों के योगदान की सराहना की। मौके पर चंद्रभूषण बिज्लवाण, मनोज स्याल, निदेशक संस्कृत शिक्षा आनंद भारद्वाज, डिप्टी कमिश्नर केवी सुकीर्ति रैवानी, सहायक आयुक्त डॉ. स्वाति अग्रवाल, रविंदर सैनी, राहुल काम्बोज, सीमा रस्तोगी, अल्पना गुप्ता, विजय नैथानी, नीलम रहेजा, अमित कुमार, मनीष श्रीवास्तव, जितेंद्र डिमरी, गीता सती, कुलभूषण गौड़, कर्म सिंह सैनी, प्रेमलता बौड़ाई, विक्रम थापा, जितेन्द्र कंबोज, मैनपाल सैनी, राजेश पंत, डॉ. कनिष्का मित्तल को सम्मानित किया गया। मौके पर भारत विकास परिषद गंगोत्री शाखा के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला संयोजक, योगेश अग्रवाल, पीयूष निगम, चरणजीत सिंह सोई, मेघा गुरुंग, प्रेरणा मित्तल, ईश्वर चंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष ताराचंद गुप्ता, तनवीर सिंह, महिला संयोजिका नविता गुप्ता, सविता अग्रवाल, मोती दीवान मौजूद रहे।

डांडी कांठी क्लब 17 को मनाएगा जागर संरक्षण दिवस

देहरादून। डांडी कांठी क्लब की ओर से इस बार भी 17 सितंबर को लोक कला और लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए जागर संरक्षण दिवस मनाया जाएगा। इसमें अलग–अलग विधाओं में उल्लेखनीय काम करने वाले दस लोगों को राज्य वाद्य यंत्र सम्मान और पांच लोगों को डांडी कांठी रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

रविवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में क्लब के अध्यक्ष विजय भूषण उनियाल ने बताया कि क्लब लगातार लोककला और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को बढ़ावा देने में जुटा है। समय–समय पर अपनी संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए खेल प्रतियोगिताएं, लोक महोत्सव और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से संस्कृति को संजोये रखने के लिए संकल्परत है। बताया कि जागर संरक्षण दिवस संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह में आयोजित होगा।

किशोरी की तलाश में हिमाचल पुलिस ने सपेरा बस्ती में की छापेमारी

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव सपेरा बस्ती में किशोरी की तलाश में हिमाचल से आई पुलिस ने छापेमारी की। छापेमारी में पुलिस को किशोरी बरमाद नहीं हुई। पुलिस ने एक महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। पूछताछ के बाद पुलिस महिला को अपने साथ हिमाचल ले गई। पुलिस के अनुसार हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा पुलिस थाना नगरोटा बागवा से एसएचओ चमन टीम के साथ फेरुपुर पुलिस चौकी पहुंचे थे। बताया कि नगरोटा थाने में किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। जिसकी लोकेशन सपेरा बस्ती पथरी में मिली है। लोकेशन के आधार पर हिमाचल पुलिस ने पथरी पुलिस के साथ सपेरा बस्ती में छापेमारी की, लेकिन पुलिस को किशोरी बरमाद नहीं हो पाई। पुलिस ने जांच के बाद सपेरा बस्ती की एक महिला को हिरासत में लिया है। महिला से जानकारी जुटाने के बाद हिमाचल पुलिस उसको अपने साथ लेकर हिमाचल चली गई है। पुलिस लड़के व किशोरी की अगली लोकेशन आने के बाद छापेमारी करेगी। हिमाचल पुलिस टीम में एसएचओ चमन, कांस्टेबल संजीव, महिला कांस्टेबल सोनाली, गौरव आदि उपस्थित थे। फेरुपुर चौकी प्रभारी नवीन चौहान ने बताया हिमाचल से पुलिस सपेरा बस्ती में लोकेशन के आधार पर एक किशोरी की तलाश में आई थी। पुलिस सपेरा बस्ती की एक महिला को अपने साथ हिमाचल ले गई है।

औद्योगिक पार्क की स्थापना से बदलेगी डंढ़ेडी गांव की तकदीर:पंकज शांडिल्य

रुड़की। हरिद्वार में सिडकुल के बाद दूसरा सबसे बड़ा औधोगिक क्षेत्र रुड़की के डंढेड़ी गांव में उत्तराखंड औधोगिक पार्क स्थापना निति–2023 औद्योगिक स्मार्ट सिटी का निर्माण होने जा रहा है। रविवार को दौड़ प्रतियोगिता के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को जानकारी दी गई। दौड़ प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर और 1600 मीटर की दौड़ में पहले तीन स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार के साथ ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आरएल फाउंडेशन एवं रैंकर्स न्यूज के संस्थापक पंकज शांडिल्य ने कहा कि उत्तराखंड औद्योगिक पार्क स्थापना नीति 2023 के तहत जनपद हरिद्वार के डंढ़ेडी में औद्योगिक स्मार्ट सिटी स्थापित होना तय है। इसके लिए शासकीय नीति अंतर्गत भू अर्जन की जा रही है। यह औद्योगिक स्मार्ट सिटी विश्व की सबसे खूबसूरत और आर्थिक रूप से मजबूत संरचना होगी। इसका डिजाइन वाइटवेव की निदेशक स्वाति गोयल और आभा टेकड़ीवाल के निर्देशन में किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पार्क का आर्थिक डिजाइन रोहित टेकड़ीवाल बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पूर्व शाखा प्रमुख मनोज कुमार द्वारा किया गया है।

पंकज शांडिल्य ने कहा कि हरिद्वार के रुड़की में प्रस्तावित औद्योगिक पार्क एक अनोखा और अभिनव पहल है जो भारत समेत संपूर्ण विश्व के कृषि एवं खाद्य उद्योग से जुड़े निर्माता एवं ग्राहकों को एक परिसर में केंद्रीकृत करने के लिए डिजाइन किया गया है। चाईना के यिवू एवं सूरत के डायमंड बुर्श तहत इस पार्क में कृषि और खाद्य संबंधी मैन्युफैक्चरर्स कच्चा माल उपकरण और तैयार उत्पाद एक ही परिसर में उपलब्ध होगा। इसके लिए निर्माता और ग्राहकों को लिए एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध होगी।

झबरेड़ा में सात घरों में बिजली चोरी पकड़ी

रुड़की। ऊर्जा निगम और विजिलेंस ने रविवार को तीन गांव में छापा मारकर सात लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा।

अवर अभियंता अशोक कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि विजिलेंस टीम के साथ मिलकर ऊर्जा निगम की टीम ने ग्राम खजुरी में छापा मारकर इकराम को बिजली चोरी करते हुए पकड़ लिया। बाद में टीम ग्राम पांवटी पहुंची। वहां नरेंद्र और यामीन को बिजली चोरी करते हुए पकड़ लिया। ग्राम भक्तों वाली में सुफियान दिलशाद इंतजार तथा मोहम्मद अहसान को पकड़ा गया। सभी विद्युत लाइन पर डायरेक्ट विद्युत केबल डालकर बिजली चोरी कर रहे थे।

रुड़की में स्मार्ट मीटर का विरोध जारी

रुड़की। किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में उत्तराखंड किसान मोर्चा का धरना बाहरवें दिन भी जारी रहा। वक्ताओं ने कहा कि अधिकारियों द्वारा दिए गए समय में अगर उनकी मांगें नही मानी गई तो उग्र आंदोलन के लिए भी मोर्चा पूरी तरह से तैयार है। तहसील परिसर स्थित ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड ने कहा कि सरकार लगातार किसानों के अनदेखी कर रही है। पिछले 12 दिनों से धरने पर बैठने के बाद भी शासन प्रशासन किसानों की मांगों को लेकर किसी निर्णय तक नही पहुंचा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने वार्ता के दौरान चार दिन का समय मांगा था जो कि अब पूरा होने को है कहा कि अगर निर्णय किसानों के पक्ष में नही आता तो उग्र आंदोलन के लिए मोर्चा पूरी तरह से तैयार है जिसके लिए गांव में घूम–घूम कर किसानों से संपर्क किया जा रहा है। किसान नेता मोहम्मद आकिल ने कहा कि मोर्चा स्मार्ट मीटर का पूरी तरह विरोध करता है और किसी कीमत पर इसे लगने नहीं देगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सोलानी नदी पुल के निर्माण की मांग भी जल्द पूरी होनी चाहिए। धरने पर महकार सिंह, अदनान नवाज खान, आकिल, अरशद, नसीम मोहम्मद इलियास नफीस, मोहम्मद आजम, अब्दुल रहमान, मोहम्मद शाहनवाज, इंतजार, मोहम्मद आसिफ, अमजद, सचिन कुमार, रणधीर सिंह, रोहित चौधरी, मुनव्वर हसन, कुर्बान अली, चौधरी विजेंद्र सिंह, संदीप कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

गलत धंधों में लिप्त एक-एक को भेजा जाएगा जेल: एसएसपी

रुड़की। पिछले महीने जनपद हरिद्वार के देहात क्षेत्र में मात्र 17 दिनों के भीतर तीन बड़ी गाड़ियों बोलेरो, पिकअप लोडर व अशोक लीलैंड के चोरी हो जाने से एकदम सनसनी फैल गई थी। पीड़ितों द्वारा इस संदर्भ में कोतवाली गंगनहर एवं कलियर में मुकदमें दर्ज करवाए गए।

पीड़ितों द्वारा लगातार अपनी गाड़ियों के बारे में पुलिस से जानकारी ली जा रही थी।मामलों के खुलासे हेतु एसएसपी हरिद्वार द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों से बात की गई एवं वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने हेतु कार्ययोजना तैयार करने व पूर्व में चोरी वाहनों की बरामदगी हेतु कड़े दिशा निर्देश जारी किए गए। साथ ही एसएसपी द्वारा इस संदर्भ में प्रत्येक सप्ताह जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारियों के साथ वर्चुअल के साथ–साथ अलग से सिटी एवं देहात क्षेत्र में बैठक ली गई जबकि इस दिशा में काम कर रही विभिन्न टीमों की प्रगति चैक करते हुए, कार्य कर रही टीमों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कप्तान की लगातार चौतरफा की जा रही मॉनिटरिंग का असर, साफ नजर आया। जब कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत चोरी गए वाहनों की रिकवरी हेतु विशेष अभियान चलाकर एक तरफ मुखबिरों का जाल बिछाया दूसरी तरफ इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस इकट्ठा करते हुए सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया।

वाहन चोरों की तलाश में जुटी विभिन्न टीमों द्वारा छोटी बड़ी अनेक जानकारियों को आपस में जोड़ते हुए चैक किया गया तो वाहन चोरों का लिंक "पंजाब से ज्यादा होना" प्रकाश में आया। सटीक सुरागरसी पतारसी करते हुए पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर 03 अभियुक्तों इरशाद खान, शहजाद व फरियाद खान को ग्राम नागल कलियर से रामपुर की ओर आने वाले रास्ते पर बने पुल के पास से चोरी की बोलेरो पिकअप के साथ दबोचा गया। जो गाड़ी में पेंट इत्यादि करवाकर पंजाब से हरिद्वार लेकर आ रहे थे। जांच में सामने आया कि तीनों आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं, शहजाद और इरशाद सगे भाई हैं एवं फरियाद इनका मामा है जो लगभग डेढ़ से 2 साल पहले परिवार सहित कलियर क्षेत्र में रहने आए थे। तीनों ने बेहद शातिर तरीके से एक–एक कर तीनों गाड़ियों को चोरी किया और चोरी कर पंजाब ले गए जहां ओरिजिनल नंबर प्लेट बदलकर, फर्जी नंबर प्लेट लगाई।

पहचान छुपाने के लिए पूरी गाड़ी में दूसरा पेंट करवा लिया और चुपके से दो गाड़ियों को वापस हरिद्वार ले आए यहां उनका इरादा इन्हीं चोरी की गाड़ियों से भैंस चोरी कर मुजफ्फरनगर, सहारनपुर इत्यादि इलाकों में बेचने का था।पुलिस ने निशांदेही पर दिनांक 27/8/24 को थाना गंगनहर से चोरी बोलेरो पिकअप एवं 11/08/24 को थाना कलियर क्षेत्र से चोरी अशोक लीलैंड वाहन बरामद किया गया। वाहन चोरी में एक और नाम प्रकाश में आया है जिसकी पुष्टि की जा रही है। 2022 में कोतवाली जालंधर, पंजाब से गोकशी के अभियोग में इरशाद व फरियाद कई दिन जेल भी रहे हैं। कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल की शानदार लीडरशिप क्वालिटी व एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह एवं सीओ रुड़की नरेंद्र पंत के बेहतरीन पर्यवेक्षण व पुलिस टीमों के आपसी सामंजस्य से किए गए इस खुलासे पर स्थानीय जनता पुलिस की प्रशंसा की। पुलिस टीम में एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह, सीओ रुड़की नरेंद्र पंत, कोतवाल गंगनहर गोविंद कुमार, उ0नि0आनन्द मेहरा, उ0नि0 विपिन कुमार, हे0का0 271 इसरार, हे0का0 165 रघुवीर, हे0का0 311लखपत, का0 1319 रणवीर, का0 820 अजय वीर, का0 58 भूपेंद्र, का0 879 राकेश आदि शामिल रहे।

जयन्त
संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338